RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-179 जयपुर, शुक्रवार, 26 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

पीएम नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया

## पहले एक परिवार की मूर्तियां लगती थीं, आज हर विभूति को सम्मान मिल रहा: प्रधानमंत्री

### पीएम बोले- एक परिवार ने देश को बनाया था बंधक, भाजपा ने मुक्त कराया

लखनऊ



पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्तियों का अनावरण करके पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा- हमारी सरकार ने आर्टिकल 370 की दीवार गिराई। पहले एक परिवार की मूर्तियां लगती थीं, आज हर विभूति को सम्मान मिल रहा है। आजादी के बाद सभी उपलब्धियां एक ही परिवार के नाम होती थीं। भाजपा ने हर किसी के योगदान को सम्मान दिया।

मोदी ने ये भी कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ है। अंडमान में नेताजी ने जहां पर तिरंगा फहराया, वहां उनकी प्रतिमा है। कोई नहीं भूल सकता है कि अंबेडकर की विरासत को मिटाने का प्रयास किया गया। दिल्ली के शाही परिवार ने इसे मिटाने का प्रयास किया। यहां सपा ने भी ऐसा किया, लेकिन भाजपा ने इसे मिटने नहीं दिया।

प्रेरणा स्थल पर 65-65 फीट ऊंची दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्तियां लगाई गई हैं। हर एक प्रतिमा 42 टन वजनी है। प्रेरणा स्थल 65 एकड़ क्षेत्र में 230 करोड़ रुपए की लागत से बना है। साल 2022 में इसका निर्माण शुरू हुआ था।

दिल्ली के एक शाही परिवार ने बाबा साहब आंबेडकर का जिक्र इसलिए नहीं किया कि कहीं उनके महत्व में कमी न आ जाए। प्रदेश में यही काम सपा ने किया।

कांग्रेस ने बीजेपी को अछूत बनाए रखा, लेकिन बीजेपी के संस्कार सभी का सम्मान करना सिखाते हैं। हमारी सरकार ने प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न दिया, मुलायम सिंह को भी सम्मानित किया।

लखनऊ की धमक पूरे विश्व में है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में ब्रह्मोस मिसाइल का बहुत बड़ा योगदान है। इस मिसाइल का निर्माण लखनऊ में हो रहा है।

### भाजपा ने हर किसी के योगदान को सम्मान दिया'

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, भाजपा ने हर किसी के योगदान को सम्मान दिया। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ है। अंडमान में नेताजी ने जहां पर तिरंगा फहराया, वहां उनकी प्रतिमा। कोई नहीं भूल सकता है कि आंबेडकर की विरासत को मिटाने का प्रयास किया गया। दिल्ली की शाही परिवार ने इसे मिटाने का प्रयास किया। यहां सपा ने भी ऐसा किया। लेकिन भाजपा ने इसे मिटने नहीं दिया।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या

ढाका



बांग्लादेश में एक बार फिर भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला है। घटना बुधवार रात करीब 11:00 बजे राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है।

पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है।

इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अमृत पर एक आपराधिक गिरोह बनाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था।

भारत में लंबे समय तक छिपने के बाद वह हाल ही में घर लौटा था। कथित तौर पर अमृत ने गांव के निवासी शाहिदुल इस्लाम से जबरन वसूली की रकम मांगी थी।

24 दिसंबर की रात अमृत और उसके साथी शाहिदुल के घर पैसे लेने गए थे। जब घरवालों ने चोर-चोर चिल्लाकर शोर मचाया तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अमृत की पिटाई कर दी। उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे, जबकि सलीम हथियारों के साथ पकड़ा गया।

### मौजूदा सरकार गैर-मुसलमानों पर अत्याचार कर रही: हसीना

*बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग नेता शेख हसीना ने अंतरिम सरकार पर आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार देश में गैर-मुसलमानों के खिलाफ 'अकल्पनीय और भयावह अत्याचार' कर रही है। शेख हसीना ने कहा कि अवैध तरीके से सत्ता में आई सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों की आस्था की स्वतंत्रता में दखल दे रही है। हसीना ने कहा, अगस्त में हमारी सरकार गिरने के बाद से हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक लगातार हिंसा का शिकार हो रहे हैं।*

## सेना के जवानों को सोशल मीडिया इस्तेमाल की इजाजत

### इंस्टाग्राम पर कमेंट की मनाही, वॉट्सएप पर मैसेज कर सकेंगे

नई दिल्ली

भारतीय सेना के जवानों को पांच साल बाद सोशल मीडिया एप्स के इस्तेमाल की परमिशन मिल गई है। हालांकि कुछ शर्तें लागू रहेंगी। न्यूज एजेंसी हद्ढ के मुताबिक, नई गाइडलाइन के तहत जवान इंस्टाग्राम पर रील, फोटो और वीडियो देख सकेंगे, लेकिन लाइक, कमेंट करने की अनुमति नहीं है।

वॉट्सएप, टेलीग्राम जैसे एप्स पर गैर-गोपनीय जानकारी शेयर कर सकेंगे। इसके अलावा यूट्यूब और ङ्ग का इस्तेमाल केवल जानकारी के लिए किया जा सकेगा। वहीं, लिंक्डइन, स्काइप और सिग्नल एप के लिए भी नई गाइडलाइन जारी की गई है। सरकार ने 2020 में संवेदनशील सूचनाएं लीक होने की आशंका के चलते जवानों और अधिकारियों को 89 एप हटाने का आदेश दिया था। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, जूम और पबजी शामिल थे। इन एप के जरिए उस वक्त हनीट्रैप के कई मामले सामने आए थे।

## कर्नाटक में स्लीपर बस में आग, 10 जिंदा जले

### चित्रदुर्ग के हिरियूर में लॉरी से टक्कर के बाद हादसा

चित्रदुर्ग



कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार देर रात स्लीपर बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 10 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 12 और 17 बताया जा रहा है। हादसा ह॥-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 30 से ज्यादा यात्री थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गई। बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला।

पुलिस का कहना है कि ज्यादातर यात्रियों ने टिकट ऑनलाइन बुक किए थे। इससे पुलिस को उनके फोन नंबर मिल गए हैं। उनके परिवारों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जले हुए शवों की पहचान के लिए DNA टेस्ट करवाया जाएगा।

ईस्ट जोन के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस रविकांत गौड़ा ने बताया कि बस के ड्राइवर और क्लीनर बच गए हैं, जबकि ट्रक के ड्राइवर-क्लीनर की मौत हो गई है। कई यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई। घायल यात्रियों को तुमकुरु जिले में शिरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो यात्री गंभीर हैं।

पीएम मोदी ने भी हादसे पर दुख जताया है। वहीं, मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।

हादसे का शिकार हुई बस के ड्राइवर ने पुलिस को बताया है कि उसने सामने से आ रहे ओवरस्पीड ट्रक को देखकर अपनी गाड़ी को कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा।

## थरूर बोले- अवैध प्रवासियों पर सरकार का एक्शन सही

तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को देश में गैरकानूनी तरीके से रहने वाले लोगों (अवैध प्रवासियों) के खिलाफ सरकार के एक्शन का समर्थन किया।



उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा और इमिग्रेशन व्यवस्था को ठीक से संभालना सरकार की जिम्मेदारी है।

थरूर ने कहा कि अगर भारत में घुसपैठ हो रही है या लोग वीजा खत्म होने के बाद भी रह रहे हैं तो यह सिस्टम की नाकामी और बॉर्डर व इमिग्रेशन कंट्रोल में कमियों को दिखाता है। सरकार के पास गैरकानूनी तरीके से रहने वालों को कानून के तहत बाहर निकालने का पूरा अधिकार है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि अगर लोग अवैध तरीके से देश में घुस रहे हैं, तो क्या यह हमारी नाकामी नहीं है? इसलिए सरकार को बॉर्डर पर और ज्यादा सख्ती करनी चाहिए। सरकार के पास नियम तोड़ने वालों के पर एक्शन लेने का पूरा हक है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि कानून का पालन जरूरी है, लेकिन बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में रहने देने का फैसला इंसानी सोच दिखाता है।

## तीन नई एयरलाइंस को केंद्र की हरी झंडी

### शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस को एनओसी मिला

नई दिल्ली




सरकार ने एविएशन सेक्टर में कॉम्पिटिशन बढ़ाने और बड़ी एयरलाइनों पर निर्भरता कम करने के लिए तीन नई एयरलाइंस को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया है। इन एयरलाइंस के नाम शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस हैं। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब हाल ही में इंडिगो के ऑपरेशन से जुड़ी दिक्कतें सामने आई थीं। इसके बाद सरकार को लगा कि भारतीय एविएशन सेक्टर में ज्यादा कंपनियों और विकल्पों की जरूरत है।

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य भारतीय आसमान में ज्यादा एयरलाइंस को बढ़ावा देना है। सरकार का मानना है कि नई एयरलाइंस के आने से यात्रियों को बेहतर सेवा और ज्यादा विकल्प मिलेंगे।

एनओसी मिलने का मतलब है कि सरकार ने इन कंपनियों को एयरलाइन शुरू करने की आगे की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति दे दी है। अब अगला कदम डीजीसीए से एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट लेना होगा।

## प्रदेश में 1 डिग्री तापमान, बर्फ की परत जमी

जयपुर


उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के साथ ही उत्तरी हवा फिर से मैदानी राज्यों में आने लगी हैं। सीकर में आज न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इस सीजन यह दूसरी बार है जब सीकर में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री तक पहुंचा है। अलवर जिले में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। दोनों ही जिलों में खेतों में फसलों पर बर्फ की परत नजर आई। अलवर में सूखी घास और लकड़ियों पर भी ओस जम गई।

## एक करोड़ का इनामी नक्सली ढ़ेर, हथियार बरामद

जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा के कंधमाल में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 6 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 1 करोड़ से ज्यादा का इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर (छ्टरू) गणेश उईके (69) भी शामिल है। दो महिला नक्सली भी मारी गई हैं। मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं।

सुरक्षाबलों को कंधमाल जिले के चाकापाड़ इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था। इसी इनपुट के आधार पर 23 टीमों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। इनमें 20 स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (स्ह्रत्र), दो सीआरपीएफ और एक बीएसएफ टीमें शामिल थीं। यह ऑपरेशन कंधमाल जिले के चाकापाड़ थाना क्षेत्र और गंजाम जिले के राम्भा वन क्षेत्र में चलाया गया।



आज यानी 25 दिसंबर को अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर माओवादियों और स्ह्रत्र जवानों के बीच कई बार गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्चिंग की गई, जिसमें 5 नक्सलियों के शव मिले। इनमें 3 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। सभी माओवादी वर्दी में थे। मौके से 2 इंसास राइफल और एक 303 राइफल बरामद हुई है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि सीसी मेंबर गणेश उईके के मारे जाने की खबर है। ओडिशा पुलिस इस पर विस्तार से जानकारी देगी। इस साल कुल 11 सेंट्रल कमेटी मेंबर और पोलित ब्यूरो मेंबर मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

बस्तर संभाग अंतर्गत बसवाराजू, के राम चंद्र रेड्डी, सुधाकर और कोसा की बॉडी रिकवर की गई, जबकि चलपति और बालकृष्णा गरियाबंद मुठभेड़ में मारे गए।

## मुख्यमंत्री बोले- नई युवा नीति जल्द की जाएगी लागू

### कहा- पांच साल में 10 लाख रोजगार का लक्ष्य, अब तक 92 हजार सरकारी नौकरियां दीं

जयपुर



राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, सौर ऊर्जा, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया- पांच वर्षों में 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य के तहत अब तक करीब 92 हजार सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। वहीं 1.53 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

निजी क्षेत्र में भी 2 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा- प्रदेश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई युवा नीति जल्द लागू की जाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर जेएलएन मार्ग स्थित कॉमर्स कॉलेज में आयोजित राज्यस्तरीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। इस मेले में निजी क्षेत्र के 20 से अधिक सेक्टर्स से जुड़े 100 से अधिक नियोक्ताओं ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- वर्तमान सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान युवाओं को इस गंभीर समस्या से जूझना पड़ा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन को याद करते हुए कहा- उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। यह संदेश आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 21वीं सदी में विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- राज्य सरकार ने सुनियोजित रोडमैप के तहत पिछले दो वर्षों में पानी, बिजली, उद्योग और रोजगार जैसे क्षेत्रों में ठोस कार्य किए हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए। इनमें से 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। इससे प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया- अब तक 410 रोजगार सहायता शिविरों के माध्यम से 1 लाख 11 हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया गया है। युवाओं को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत 4 लाख से अधिक युवाओं को लाभ मिला है और 1,156 करोड़ रुपए की राशि बेरोजगारी भत्ते के रूप में वितरित की जा चुकी है।

## के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

### पनडुब्बी से 3500किलो की रेंज तक मार करेगी

विजयवाड़ा



भारत ने बंगाल की खाड़ी में न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन ढ्ढहस् अरिघाट से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

रक्षा सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि यह टेस्ट मंगलवार को विशाखापट्टनम तट के पास किया गया। भारत जमीन, हवा के बाद अब समुद्र से भी परमाणु हथियार लॉन्च कर सकेगा।

ये मिसाइल 2 टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। च-सीरीज की मिसाइलों में 'च' अक्षर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में रखा गया है। इनकी भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका रही है।

के-4 मिसाइल, जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से लॉन्च के लिए बनाया गया है। लॉन्च के समय मिसाइल पहले समुद्र की सतह से बाहर आती है, इसके बाद उड़ान भरते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। इसे अरिहंत-क्लास की पनडुब्बियों से दागी जा सकती है।

के-4 को भारत की न्यूक्लियर ट्रायड का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है। इससे भारत की 'डिटेरेंस' क्षमता मजबूत होती है, यानी संभावित दुश्मन पर यह मनोवैज्ञानिक दबाव बनता है कि किसी भी हमले का जवाब दिया जा सकता है।

# जल संकट से जूझ रही दुनिया के सामने हालिया रिसर्च में सामने आया चौंकाने वाला आंकड़ा

## इंसानों से ज्यादा पानी पी रहा है एआई! – दुनिया भर के बोतलबंद पानी से भी ज्यादा की खपत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोबाइल स्क्रीन पर उंगलियां चलती हैं, एक सवाल टाइप होता है और कुछ सेकंड में जवाब सामने होता है। आज एआई हमारी जिंदगी का इतना नॉर्मल हिस्सा बन चुका है कि हम रुककर यह सोचते भी नहीं कि इसके पीछे क्या चल रहा है। लेकिन जिस एसआई को हम स्मार्ट, फास्ट और फ्यूचर मान रहे हैं, वही एसआई चुपचाप धरती का पानी पी रहा है और वो भी इतनी मात्रा में कि अब खतरे की घंटी बजने लगी है। लगातार ये बहस चल रही है कि इसे रोका कैसे जाए और क्या-क्या विकल्प हैं। हालिया रिसर्च में सामने आया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम्स की सालाना पानी की खपत अब उस पानी से ज्यादा हो सकती है, जितना पूरी दुनिया में एक साल में बोतलबंद पानी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यह आंकड़ा सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन टेक इंडस्ट्री के अंदर यह सच्चाई धीरे-धीरे साफ हो रही है।

एसआई कोई हवा में चलने वाला जादू नहीं है। इसके पीछे हैं बड़े-बड़े डेटा सेंटर्स। ऐसी जगहें जहां हजारों सर्वर दिन-रात चलते रहते हैं। जब ये सर्वर काम करते हैं, तो गर्म होते हैं। इस गर्मी को कंट्रोल करने के लिए पानी का इस्तेमाल होता है। यही पानी असल में एसआई का असली ईंधन है, जिसके बारे में आम यूजर को कभी बताया नहीं जाता। रिसर्च बताती है कि 2025 तक एसआई से जुड़े सिस्टम 300 से 700 अरब लीटर तक पानी साल भर में खपा सकते हैं। कंपेयर करें तो यह मात्रा पूरी दुनिया में बिकने वाले बोतलबंद पानी से भी ज्यादा बैठती है। यानी जिस पानी को लोग खरीद-खरीद कर पीते हैं, उससे ज्यादा पानी एसआई की मशीनें खामोशी से इस्तेमाल कर रही हैं।

### पानी के साथ बिजली भी...

मामला सिर्फ पानी तक लिमिटेड नहीं है। इन डेटा सेंटर्स को चलाने के लिए भारी मात्रा में बिजली चाहिए, और बिजली का मतलब है ज़्यादा कार्बन उत्सर्जन। अनुमान है कि आने वाले समय में एसआई से पैदा होने वाला कार्बन फुटप्रिंट कई बड़े शहरों के सालाना प्रदूषण के बराबर हो सकता है। लेकिन इस पर अब तक खुलकर बात नहीं हुई, क्योंकि ज्यादातर बड़ी टेक कंपनियां अपने डेटा सेंटर्स की असली पानी और बिजली खपत सार्वजनिक नहीं करतीं। दिलचस्प बात यह है कि एक-एक एसआई सवाल भले ही छोटा लगे, लेकिन उसका असर जुड़ता जाता है। जब करोड़ों लोग रोजाना एसआई टूल्स का इस्तेमाल करते हैं, तो पानी की यह छोटी-छोटी खपत मिलकर अरबों लीटर तक पहुंच जाती है। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स अब चेतावनी देने लगे हैं कि अगर एसआईकी यह रफ्तार बिना किसी प्लानिंग के चलती रही, तो पानी की कमी और गहराएगी।

### जल संकट से जूझ रही दुनिया

आज दुनिया पहले ही जल संकट से जूझ रही है। कई शहरों में पानी की सप्लाई सीमित है, गांवों में भूजल स्तर गिर रहा है और जलवायु परिवर्तन हालात और बिगाड़ रहा है। ऐसे में एआई का यह बढ़ता पानी-खर्च एक नया और बड़ा सवाल खड़ा करता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस टेक्नोलॉजी की कीमत आने वाली पीढ़ियों के पानी से चुका रहे हैं। एआई को रोकना संभव नहीं है, और न ही जरूरी। लेकिन अब यह साफ हो चुका है कि सिर्फ स्मार्ट फीचर्स और तेज जवाब ही काफी नहीं हैं। सवाल यह भी है कि एआई कितना पानी ले रहा है, कहां से ले रहा है और इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। कई एआई कंपनियां विकल्पों पर भी काम कर रही हैं कि कैसे पानी और बिजली की खपत को कम किया जा सके।

# उप्र और बिहार की लोक अदालतों का खर्चा दिल्ली से 200 गुना ज्यादा

नई दिल्ली। दिल्ली की तुलना में उत्तर प्रदेश और बिहार की स्थायी लोक अदालतों (पीएलए) में प्रति मामले निपटान का खर्च लगभग 200 गुना अधिक है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में प्रति मामले औसत निपटान खर्च मात्र 500 रुपये है, जबकि हरियाणा में यह 766 रुपये। इसके उलट, उत्तर प्रदेश में यह राशि 1,10,895 रुपये और बिहार में करीब 1,06,000 रुपये पहुंच जाती है। राष्ट्रीय औसत प्रति मामले निपटान खर्च 2,650 रुपये है। स्थायी लोक अदालतों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। वर्ष 2016-17 में केवल 93 हजार मामलों का निपटारा हुआ था, जो 2024-25 में बढ़कर 2.37 लाख से अधिक हो गया। यह 155 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है, जो न्याय प्रणाली की तेजी और पहुंच में मजबूती का संकेत है। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली के मुकाबले उत्तर प्रदेश और बिहार में खर्च 200 गुना से ज्यादा, जबकि हरियाणा की तुलना में 140 गुना अधिक है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि संसाधनों का बेहतर उपयोग करके खर्च को तर्कसंगत बनाया जाए, ताकि दक्षता और परिणामों में सुधार हो। साथ ही, प्रत्येक बैठक पर औसतन 17 हजार रुपये खर्च होने की बात सामने आई है।रिपोर्ट में स्थायी लोक अदालतों में रिक्त पदों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। बिहार, पंजाब, तमिलनाडु, राजस्थान और ओडिशा जैसे राज्यों में अध्यक्षों व सदस्यों की नियुक्ति में बड़ी कमी है, जिससे संस्थान का कामकाज प्रभावित हो रहा है। समाधान के लिए मजबूत नियुक्ति और निगरानी व्यवस्था लागू करने की अनुशंसा की गई है, जिससे इन अदालतों की पहुंच व प्रभावशीलता बढ़ सके। 2015 से 2025 के बीच देशभर में 1.61 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की गई। इसके परिणामस्वरूप पीड़ितों को कुल 2,354 करोड़ रुपये का मुआवजा मिला। इसी अवधि में राष्ट्रीय लोक अदालतों के जरिए 40 करोड़ से ज्यादा मामलों का निपटारा हुआ, जबकि स्थायी लोक अदालतों में 13,11,345 मामलों का समाधान किया गया।

# बेंगलुरु में सनसनीखेज वारदात : सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बीच सड़क पर की पत्नी की हत्या

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु के राजाजी नगर इंडस्ट्रियल एरिया में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई, जहां एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी पत्नी की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद थाने जाकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में इस जघन्य हत्याकांड के पीछे वैवाहिक विवाद और संदेह को मुख्य कारण माना जा रहा है। मृतका की पहचान 39 वर्षीय भुवनेश्वरी के रूप में हुई है, जो यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बसवेश्वरननगर शाखा में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थीं। आरोपी पति बालामुरुगन, जो एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत था, मूल रूप से तमिलनाडु के सेलम जिले का निवासी है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 6-30 बजे जब भुवनेश्वरी दफ्तर से घर लौट रही थीं, तब बालामुरुगन ने मुख्य सड़क पर उन पर बेहद करीब से चार गोलियां चलाईं। इनमें से दो गोलियां उनके सिर में और दो बाएं हाथ में लगीं। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड के दोनों प्रबंधकों को कोर्ट ने शर्तों के साथ दी जमानत

पणजी (एजेंसी)। गोवा की एक कोर्ट ने नाइटक्लब अग्निकांड के दो प्रबंधकों को जमानत दे दी। उन दोनों को इस महीने की शुरूआत में आग लगने की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस घटना में 25 लोगों की मौत हो गई थी। जिला न्यायाधीश डी वी पाटकर ने क्लब के दोनों प्रबंधकों को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी, जबकि उन्होंने तीसरे प्रबंधक विवेक सिंह की इसी तरह की अर्जी को खारिज कर दिया। इन तीनों को उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव स्थित नाइट क्लब में भीषण आग लगने के एक दिन बाद सात दिसंबर को गिरफ्तार किया था। सिंघानिया (बार मैनेजर) और ठाकुर (गेट मैनेजर) का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता ने कहा कि जमानत देते समय कोर्ट ने कहा कि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मामले के तथ्यों से अवगत किसी भी व्यक्ति को कोई प्रलोभन या धमकी नहीं देंगे। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि राजवीर और प्रियांशु उसकी पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर नहीं जाएंगे। कोर्ट ने निर्देश दिया कि आरोपी जब भी जरुरत हो, जांच अधिकारी द्वारा पूछताछ के लिए उपलब्ध रहेंगे और जांच में सहयोग करेंगे। जमानत आदेश में कहा गया है, आवेदकों को आरोप पत्र/अंतिम रिपोर्ट दाखिल होने तक, महीने में एक बार जांच अधिकारी या अंजुना पुलिस थाने के मुख्य जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। अरपोरा के रोमियो लेन स्थित 'बर्च बाई रोमियो लेन' नाइटक्लब में छह दिसंबर को लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें क्लब के दो सह-मालिक गौरव लूथरा और उसके भाई सौरभ लूथरा भी शामिल हैं। दोनों को थाईलैंड से हिरासत में लेकर भारत लाया गया था।

# आर्मी कैंप में फायरिंग, जेसीओ की मौत

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में स्थित एक आर्मी कैंप के भीतर फायरिंग हुई। घटना में सेना के एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार देर रात हुई। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता के अनुसार, ड्यूटी के दौरान जेसीओ को गोली लगी थी। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती जांच में इस घटना के पीछे किसी आतंकी साजिश की आशंका से इनकार किया गया है ।मामले की जांच जारी है। तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी।

# 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में गठबंधन, कहा -हमारी सोच एक, बंटेंगे तो बिखरेंगे



मुंबई (एजेंसी)। उद्धव और राज ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम चुनाव एक साथ लडऩे का ऐलान किया। 20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा। राज ठाकरे ने कहा कि मैने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है। आज की बैठक के बाद हम अन्य नगर निगमों के लिए भी घोषणा करेंगे। मुंबई का मेयर मराठी ही होगा और वह हमारे दल से होगा। वहीं उधव ठाकरे ने कहा कि मैं सभी से अनुरोध और अपील करता हूं कि पिछली विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने बंटेंगे तो कटेंगे जैसा दुष्प्रचार किया था। मैं मराठी लोगों से कहना चाहता हूं- अब अगर आपसे चूक हुई तो सब खत्म हो जाएगा। अब अगर हम बंटे तो पूरी तरह मिट जाएंगे। इसलिए न टूटें, न बंटें। मराठी अस्मिता की विरासत को न छोड़ें।

# जम्मू कश्मीर के पांच जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल में हुई भारी बर्फबारी के मद्देनजर केंद्र शासित प्रदेश के पांच जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है। जिला अधिकारियों ने बताया कि डोडा, गांदरबल, किश्तवाड़, पुंछ और रामबन जिलों के लिए कम खतरे वाली हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान इन जिलों से 2,800 मीटर ऊपर हिमस्खलन होने की आशंका है। लोगों से हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों से बचने और सरकार की ओर से जारी परामर्श का पालन करने को कहा गया है। जम्मू कश्मीर के ज्यादातर ऊपरी इलाकों में इस हफ्ते हल्की से भारी बर्फबारी हुई है।

# पर्यावरण मंत्री का दावा कहा- प्रदूषण के लिए सिर्फ दिल्ली जिम्मेदार नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में गहराते वायु प्रदूषण के संकट पर केंद्र सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि राजधानी की हवा में घुलता जहर केवल स्थानीय गतिविधियों का परिणाम नहीं है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक आर्थिक सम्मेलन के दौरान इस गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रेखांकित किया कि दिल्ली के प्रदूषण को केवल शहर की सीमाओं के भीतर से पैदा होने वाले उत्सर्जन के चश्मे से देखना गलत होगा। प्रदूषण के लिए सिर्फ दिल्ली जिम्मेदार नहीं है। इसके पीछे पड़ोसी राज्यों से आने वाला धुआं, भौगोलिक स्थितियां, मौसम में बदलाव और क्षेत्रीय वायु प्रवाह जैसे कई महत्वपूर्ण कारक जिम्मेदार हैं।

मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि वायु गुणवत्ता की समस्या एक क्षेत्रीय चुनौती है, जिसके लिए केंद्र सरकार सभी संबंधित राज्यों के साथ मिलकर एक समन्वित रणनीति पर काम कर रही है। आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने एक सकारात्मक पक्ष भी सामने रखा। मंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में किए गए निरंतर प्रयासों के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार के संकेत मिले हैं। साल 2016 में जहां दिल्ली ने केवल 110 स्वस्थ एक्यूआई दिन (बेहतर वायु गुणवत्ता वाले दिन) देखे थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर औसतन 200 दिनों तक पहुंच गई है। इस सुधार का मुख्य श्रेय प्रदूषण नियंत्रण के कड़े उपायों और पंजाब व हरियाणा जैसे राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी को दिया गया है। हालांकि, उन्होंने सचेत किया कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सरकार का मानना है कि दिल्ली-एनसीआर की हवा को पूरी तरह स्वच्छ बनाने के लिए केवल राजधानी के स्तर पर प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए एक व्यापक और स्पष्ट विजन की आवश्यकता है, जिसमें पड़ोसी राज्यों का सक्रिय सहयोग और क्षेत्रीय स्तर पर प्रदूषण के स्रोतों की पहचान कर उन्हें नियंत्रित करना अनिवार्य है। अंततः, सामूहिक उत्तरदायित्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस वार्षिक पर्यावरणीय संकट का स्थायी समाधान प्रदान कर सकते हैं।

# प्रियंका गांधी का एकमात्र उद्देश्य भाई राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना: शिवकुमार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का यह बयान हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दिल्ली में मीडिया से बात कर उन्होंने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के नेतृत्व को लेकर स्थिति स्पष्ट की, बल्कि कर्नाटक की राजनीति में चल रही उथल-पुथल पर भी अपनी राय रखी। शिवकुमार ने उन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में देखा जा रहा था।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रियंका गांधी का एकमात्र उद्देश्य अपने भाई राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। शिवकुमार ने कहा कि उनके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे (एआईसीसी अध्यक्ष) ही सर्वोच्च नेता हैं और राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में पार्टी का मुख्य चेहरा हैं। दरअसल यह स्पष्टीकरण रॉबर्ट वाड्रा के उस बयान के बाद आया जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी प्रियंका गांधी वाड्रा की नेतृत्व क्षमता की तारीफ कर उनके राजनीति में उज्ज्वल भविष्य की बात की थी, जिससे नेतृत्व को लेकर नई चर्चाएं शुरू हो गई थीं।

वहीं पिछले कुछ समय से कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ढाई-ढाई साल के सत्ता हस्तांतरण के समझौते की खबरें आ रही थीं। इस विवाद पर शिवकुमार ने कहा कि वर्तमान में नेतृत्व को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, मैं उपमुख्यमंत्री के रूप में खुश हूं और मुझे एक पार्टी कार्यकर्ता बने रहना पसंद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेतृत्व को लेकर कोई भी निर्णय लेना पूरी तरह से कांग्रेस आलाकमान का अधिकार है और जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह उन्हें स्वीकार होगा। डीके का यह बयान कांग्रेस के भीतर एकता दिखाने और नेतृत्व को लेकर किसी भी तरह के भ्रम को दूर करने की एक कोशिश है। विशेष रूप से प्रियंका गांधी को



लेकर उनके बयान ने यह संदेश दिया है कि परिवार के भीतर और पार्टी में राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री पद के लिए पहली पसंद बने हुए हैं।

# नशे को न और खेलों का हां कहें युवा : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

आगरा (एजेंसी)। उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि माता-पिता अपने बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चे खेलों से जुडेंगे और खेल में पारंगत होकर देश के लिए पदक जीतेंगे। उन्होंने खिलाडियों से कहा कि नशे का न कहें और खेलों को हां कहें। जब खेलों में व्यस्त रहेंगे, तो नशे के लिए समय ही नहीं होगा। सांसद खेल स्पर्धा समारोह में मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन रहे. एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम सांसद खेल स्पर्धा में तलवार बाजी और वॉलीबॉल मैच हुआ। इसके साथ ही उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अलग-अलग इवेंट में विजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। अपने सम्बोधन में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आगरा आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं कॉलेज में लंबी दूरी का धावक और टेबिल टेनिस खिलाड़ी रहा हूं। मैंने केरल 800 किलोमीटर की पदयात्रा भी खिलाड़ी होने की वजह से सही से की थी। खेल हमें स्वस्थ रखते हैं। खेल केवल स्पर्धा नहीं हैं। हार और जीत के साथ ही हमें अनुशासन, धैर्य, परिश्रम करना सिखाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 2014 के बाद भारत का ओलंपिक में प्रदर्शन सुधारा है। मेडल बढ़े हैं। पहले हमारा ध्यान हॉकी पर था। आज हमारे खिलाडी बैडमिंटन, बॉक्सिंग, पॉवर लिफिटिंग, कुश्ती और अन्य इवेंट में मेडल जीत रहे हैं। ये उपलब्धि संयोग नहीं हैं। खिलाड़ी केंद्रित और नए इनोवेशन का परिणाम हैं। महिलाओं की खेलों में भागीदारी को बढ़ रही है।

# अंकिता हत्याकांड में उत्तराखंड भाजपा प्रभारी का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस हमलावर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में उत्तराखंड भाजपा प्रभारी का नाम सामने आने के बाद मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई से कराने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि भाजपा सरकार दोषियों को बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी सचिव सुरेंद्र शर्मा और मनोज यादव ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला साबित हो रहा है और उत्तराखंड में महिलाओं की सुरक्षा गंभीर खतरे में है।

गोदियाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक वीडियो दिखाया, जिसमें खुद को भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर की पत्नी बताने वाली एक महिला यह दावा करती नजर आ रही है कि उसके पति की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग है, जिसमें अंकिता भंडारी की हत्या का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि यह ऑडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुका है। इसमें सुरेश राठौर यह कहते सुनाई देते हैं कि अंकिता की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उसके ऊपर उत्तराखंड भाजपा के प्रभारी



दुष्यंत कुमार गौतम के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया जा रहा था। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा नेता बेटियों के प्रति कैसी नीयत रखते हैं, यह शर्मनाक सच्चाई इस मामले से उजागर होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के नाम सामने आए हैं, तो पूरी भाजपा सरकार उन्हें बचा रही है और खामोश बैठी हुई है। उन्होंने बताया कि शुरुआत से ही भाजपा सरकार ने इस मामले को दबाने की पूरी कोशिश की। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी के लापता होने के बाद उसका शव मिलने से पहले ही उसके कमरे को बुलडोजर से तोड़ दिया गया और बिस्तर को जलाने की कोशिश हुई। उन्होंने कहा कि यह पूरी कार्रवाई सबूतों को नष्ट करने की साजिश का हिस्सा थी। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कार्रवाई करनी ही थी, तो होटल मालिक के निजी आवास पर क्यों नहीं की गई। गोदियाल ने उत्तराखंड सरकार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता का दुरुपयोग कर इस केस को दबाने और प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में गठित एसआईटी ने निष्पक्ष जांच करने के बजाय गवाहों को डराने का काम किया।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और इसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी वर्तमान या सेवानिवृत्त जज की निगरानी में सीबीआई से कराई जाए, ताकि किसी भी तरह का दबाव जांच को प्रभावित न कर सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले 10-12 दिनों में उत्तराखंड सरकार सीबीआई जांच की संस्तुति नहीं करती, तो कांग्रेस गढ़वाल मंडल मुख्यालय में बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगी। गणेश गोदियाल ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाना सिर्फ एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज और महिला सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, कांग्रेस इस लड़ाई को पूरी मजबूती से जारी रखेगी।

# सेक्युलर होने का अर्थ किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं: केंद्रीय मंत्री गडकरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में आयोजित पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रमों के दौरान देश की राजनीतिक विचारधारा और सांस्कृतिक विरासत पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के लिए कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की व्याख्या और वोट बैंक की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया। गडकरी के अनुसार, देश में आज जो सांप्रदायिक समस्याएं दिखाई देती हैं, उनका मूल कारण धर्मनिरपेक्षता की गलत समझ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेक्युलर होने का अर्थ किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं, बल्कि सर्व धर्म समभाव की भावना के साथ सभी धर्मों को समान सम्मान देना और सभी के साथ बराबरी का व्यवहार सुनिश्चित करना है।

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी की पुस्तक सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि के विमोचन पर बोलते हुए गडकरी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और



हमेशा रहेगा, लेकिन यह किसी राजनीतिक दल या संगठन के कारण नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन हिंदू और सनातन संस्कृति की वजह से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सनातन संस्कृति विश्व कल्याण, सहिष्णुता और करुणा की सीख देती है और इतिहास गवाह है कि किसी भी हिंदू राजा ने धार्मिक स्थलों को नष्ट करने का कार्य नहीं किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी गरिमामयी उपस्थिति में मौजूद रहे। एक अन्य कार्यक्रम में नेशन फर्स्ट की अवधारणा पर चर्चा करते हुए गडकरी ने कहा कि राष्ट्रवाद केवल नारों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार, वास्तविक प्रगति के लिए देश के इतिहास को ईमानदारी से समझना और व्यवस्था की कमियों को दूर कर भविष्य की क्षमताओं को विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकीकरण का अर्थ पश्चिमी देशों की अंधी नकल करना नहीं, बल्कि अपने सभ्यतागत आत्मविश्वास को बनाए रखते हुए आगे बढ़ना है। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए, जहां भारतीय मूल्यों और राष्ट्रीयता के प्रति एक नई दृष्टि विकसित करने पर जोर दिया गया।

# अरावली पर्वतमाला की परिभाषा पर केंद्र, सुप्रीम कोर्ट और समिति तीनों नहीं हैं एकमत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। अरावली पर्वतमाला के भविष्य और उसकी भौगोलिक पहचान को लेकर देश की सर्वोच्च संस्थाओं के बीच गंभीर मतभेद उभरकर सामने आए है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित अरावली की नई परिभाषा—जो केवल 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली का हिस्सा मानती है—विवादों के घेरे में है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को इस परिभाषा को स्वीकार कर लिया है, लेकिन उसकी अपनी ही संस्था सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) और अदालत की सहायता के लिए नियुक्त एमिकस क्यूरी ने इस पर कड़े सवाल खड़े किए हैं। यह विवाद न केवल कानूनी है, बल्कि इसके पर्यावरणीय परिणाम भी बेहद चिंताजनक हो सकते हैं।

सीईसी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2002 में पर्यावरण संबंधी आदेशों की निगरानी के लिए गठित किया था, ने इस नई परिभाषा का स्पष्ट विरोध किया है। समिति ने स्पष्ट किया कि 13 अक्टूबर को मंत्रालय द्वारा अदालत में पेश की गई परिभाषा को न तो सीईसी की मंजूरी प्राप्त थी और न ही इसकी कोई औपचारिक जांच की गई थी। इसके विपरीत, सीईसी का तर्क है कि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) द्वारा 2010 में तैयार की गई परिभाषा को ही अपनाया जाना चाहिए। एफएसआई ने राजस्थान के 15 जिलों में 40,481 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अरावली के रूप में चिह्नित किया था, जिसमें 3 डिग्री ढलान और न्यूनतम ऊंचाई वाली छोटी पहाड़ियों को भी शामिल किया गया था ताकि पर्वतमाला की अखंडता बनी रहे।

मंत्रालय की 100 मीटर की ऊंचाई वाली शर्त पर एमिकस क्यूरी के. परमेश्वर ने अदालत में कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने एक प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि यह परिभाषा अरावली की भौगोलिक निरंतरता को नष्ट कर देगी। यदि केवल 100 मीटर से ऊंची चोटियों को ही अरावली माना जाएगा, तो हजारों छोटी और निचली पहाड़ियां कानूनी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। इसका सीधा परिणाम यह होगा कि ये क्षेत्र खनन और अन्य निर्माण गतिविधियों के लिए खुल जाएंगे। जानकारों का मानना है कि ये छोटी पहाड़ियां थार मरुस्थल के विस्तार को रोकने के लिए प्राकृतिक अवरोध (विंड बैरियर) का काम करती हैं; इनके हटने से मरुस्थलीकरण का खतरा पूर्व की ओर बढ़ सकता है।

सीईसी के अध्यक्ष सिद्धांत दास ने मंत्रालय के दावों को भ्रामक करार देते हुए कहा कि मंत्रालय के हलफनामे में जिन विचारों को समिति का बताया गया है, वे वास्तव में एक सदस्य के व्यक्तिगत विचार थे। समिति ने स्पष्ट किया कि मंत्रालय की रिपोर्ट पर कोई औपचारिक समीक्षा नहीं हुई थी और न ही इसके मसौदे को साझा किया गया था। विरोधाभास तब और गहरा गया जब एफएसआई के एक आंतरिक आकलन से पता चला कि अरावली की कुल 1,18,575 पहाड़ियों में से 99 प्रतिशत से अधिक पहाड़ियां 100 मीटर की नई परिभाषा में शामिल ही नहीं हो पाएंगी। यहां तक कि 20 मीटर से ऊंची पहाड़ियों में से भी लगभग 91.3 प्रतिशत हिस्सा संरक्षण के दायरे से बाहर हो सकता है।पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने हालांकि आश्वासन दिया



है कि अरावली के केवल एक बहुत छोटे हिस्से (0.19 प्रतिशत) में ही खनन की अनुमति है, लेकिन मंत्रालय यह स्पष्ट करने में विफल रहा है कि नई परिभाषा लागू होने के बाद निचले क्षेत्रों में भविष्य के खनन और विकास को कैसे रोका जाएगा। जमीन पर अभी तक कोई वास्तविक सीमांकन नहीं हुआ है, जिससे यह सवाल बरकरार है कि मंत्रालय ने किस आधार पर सुप्रीम कोर्ट को यह भरोसा दिलाया कि 100 मीटर की परिभाषा पुराने मानकों से अधिक क्षेत्र को कवर करेगी। अरावली जैसी प्राचीन पर्वत श्रृंखला के अस्तित्व पर मंडराता यह संकट अब नीतिगत पारदर्शिता और पारिस्थितिक सुरक्षा के बीच एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# चाकू दिखाकर बलात्कार करने के बाद अश्लील फोटो खींचे, डरा धमकाकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया, एक आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाडा पुलिस ने बलात्कार और धर्म परिवर्तन प्रकरण में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा आपराधिक गतिविधियो में लिप्त व प्रकरणो में वाछितं अपराधियो की गिरफ्तारी को गम्भीरता से लेते हुए, एएसपी पारस जैन के निर्देशन में एवं सज्जन सिहं आरपीएस वृताधिकारी, वृत शहर भीलवाडा के निकटतम सुपरविजन में प्रतापनगर थाना प्रभारी राजपाल सिहं के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। 22 दिसंबर 2025 को परिवादिया ने एक मामला दर्ज करवाया था और जिसमे बताया की करीब डेढ माह पूर्व आरोपित शौकत मंसूरी पुत्र जब्बार मंसूरी निवासी मेहताब की टाल, जूनावास भीलवाड़ा उसके मकान पर आया और उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया तथा पीड़िता के अश्लील फोटो खींच लिए और धमकी दी की यह बात अगर तुने किसी को बतायी तो उसे



और उसकी छोटी बच्ची को वह जान से खत्म कर देगा। उसी दौरान पीड़िता चिल्लाकर कमरे से बाहर भागने लगी तो आरोपित ने बाये हाथ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। शौकत मंसूरी ने उसे फिर डरा धमकाकर ब्लेकमेल किया और पीड़िता से 20 हजार रूपये व चांदी की पायजेब जोडी जबरन ले लियें। करीब 15 दिन पूर्व भी शौकत मंसूरी वापस उसके बापूनगर घर पर आया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। शौकत मंसूरी पिछ्ले 5-7 दिनों से उसे धमकियां देकर कह रहा था कि तूझे अपना धर्म परिवर्तन कर हिन्दु से मुसलमान बनना होगा और आरोपित के साथ निकाह करना होगा, और कहा कि तु अपना हिन्दू धर्म से धर्मान्तरण कर मुस्लिम नही बनेगी तो वह मां और बच्ची को जान से खत्म कर देगा । आरोपित ने एक सौची समझी साजिश के तहत् पीड़िता को अकेली महिला समझकर अपना शिकार बनाया और ब्लेकमेल कर रूपया व जेवरात ऐठकर, यौन शौषण कर, उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकते की मां और नाबालिग पुत्री का जबरन धर्मान्तरण करा मुस्लिम बनाने का दबाव बनाया और गंभीर अपराध कारित किया। उक्त रिपोर्ट पर पोक्सो एक्ट, एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की ओर प्रतापनगर थाने की टीम द्वारा सूचना संकलित कर मामले में वांछित आरोपित शोकत अली मंसूरी को गिरफ्तार किया गया । गठित पुलिस टीम में भीमगंज थाना प्रभारी सुनिल चैधरी, कांस्टेबल धीरज थाना प्रतापनगर, कांस्टेबल सुरेश, सौरभ जांगिड थाना भीमंगज, उमराव शामिल थे।

# पुलिस ने चोर की नगर में निकाली परेड



स्मार्ट हलचल|बीगोद

बीगोद पुलिस ने गुरुवार प्रातः दो चोरी की परेड नगर में निकाली। दुकानों पर चोरी की घटना कैसे की यह भी चोरों ने बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण चोरों की परेड देखने पहुंचे। थाना प्रभारी जय सुल्तान के अनुसार गत 20 दिसंबर को चोरों ने नगर की दुकानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद एक टीम गठित कर चोरों की तलाश शुरू की गई। जिसमें कोटा के उद्योग पूरा निवासी रवि बैरागी पिता उदयलाल बैरागी और राजू पिता जमनालाल भील को गिरफ्तार किया गया। चोरों में इस्तमाल वैन को भी जब्त किया गया और चोरी का माल भी बरामद किया गया। गुरुवार को प्रातः नगर में चोरों की परेड निकाल घटना स्थल का मौका मुआयना भी किया गया।

पुलिस द्वारा चोरों की परेड नगर में निकाले जाने पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया।

# अवैध पिस्टल सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

पुलिस थाना हमीरगढ ने अवैध पिस्टल सप्लायर वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए वांछित अवैध पिस्टल सप्लायर की धरपकड हेतु एएसपी पारस जैन के निर्देशन मे विशेष टीम बनाई । माधव उपाध्याय सहायक पुलिस अधीक्षक वृताधिकारी वृत सदर ने टीम का सुपरविजन किया और नेतृत्व हमीरगढ़ थानाप्रभारी सुनिल कुमार बेडा ने किया।

## यह था मामला

हमीरगढ हवाई पटटी के पास जंगल मे एक सुनसान वैन्यु कार मिली थी जिसकी तलाशी के दौरान कार से एक अवैध देशी पिस्टल मिली जिस पर वेन्यु कार व पिस्टल को जप्त कर आर्म्स एक्ट मे मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया । जांच के दौरान पता चला की उक्त वेन्यु कार दशरथ सिंह की है जिसे गिरफ्तार किया गया था जिसने अवैध पिस्टल कपील शर्मा पिता



मदन लाल शर्मा निवासी पाण्डोल जिला चितोडगढ से खरीदना बताया जो काफी लम्बे समय से मामले मे गिरफ्तारी के डर के मारे अपने ठिकाने बदल रहा था।

## टीम ने ऐसे दबोचा

उक्त घटना के संबंध मे वांछित अवैध हथियार सप्लायर की तलाश हेतु गठित टीम के संयुक्त प्रयास से वांछित अवैध पिस्टल सप्लायर कपील शर्मा को गंगरार चितोडगढ से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

## यह थे टीम में शामिल

गठित पुलिस टीम में नरपत सिंह सउनि पुलिस थाना हमीरगढ, कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल शान्तिलाल, बलवीर सिंह शामिल रहे।

ग्वालियर में 'अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट'

# अमित शाह और सीएम मोहन यादव की मौजूदगी में 2500 करोड़ का निवेश करार, रिजु झुनझुनवाला सम्मानित

स्मार्ट हलचल|ग्वालियर

मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से ग्वालियर में आयोजित 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट 2025' निवेश के लिहाज से ऐतिहासिक रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## 2500 करोड़ का बड़ा निवेश:

समिट के दौरान औद्योगिक विकास की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण



कदम एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की ओर से उठाया गया। समूह की औद्योगिक इकाई टैक कंपनी के प्रमोटर रिजु झुनझुनवाला ने लिथियम-आयन बैटरियों के अवयव क्षेत्र में 2500 करोड़ के निवेश का करार किया। यह निवेश न केवल मध्यप्रदेश को 'ग्रीन एनर्जी' का हब बनाएगा, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।

## रिजु झुनझुनवाला का सम्मान:

राज्य के औद्योगिक विकास में अनुकरणीय योगदान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अमित शाह ने रिजु झुनझुनवाला को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री झुनझुनवाला ने कहा कि 'मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अमित शाह जी के विजनरी नेतृत्व में मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद राज्य बनकर उभरा है। यह करार 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता है। '

## दिग्गज जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी:

समारोह में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट सहित कई गणमान्य नागरिक और निवेशक उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस की सख्ती, नियम तोड़ने वाले वाहन चालको के खिलाफ सख्त कार्यवाही

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

एसपी धर्मेन्द्र सिंह भीलवाडा के निर्देशन में शहर की सड़को पर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस सख्त नजर आ रही है अब शहर में लापरवाही, तेज-गति, शराब पीकर वाहन चलाना और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालको के खिलाफ कोई रियायत नही बरती जाएगी। यातायात शाखा भीलवाडा द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की गई। तेजगति में वर्ष 2024 में 11866 चालान व वर्ष 2025 में 26462 चालान किए गए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ वर्ष 2024 में 72 व वर्ष 2025 में 255 वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाही की गई। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करनें वाले वाहन चालकों के खिलाफ वर्ष 2024 में 84 व वर्ष 2025 में 981 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। दुपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ वर्ष 2024 में 2895 व वर्ष 2025 में 3724 वाहन वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

नो पार्किंग में खडे वाहनों के खिलाफ वर्ष 2024 में 8889 व वर्ष 2025 में 9100 वाहन वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। ब्लेक फिल्म लगी वाहनों के खिलाफ वर्ष 2024 में 3152 व वर्ष 2025 में 3374 वाहन वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई।यातायात शाखा जिला भीलवाडा द्वारा यातायात नियमों का पालन नही करनें वाले वाहन चालकों के मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत वर्ष 2024 में कुल 33803 व वर्ष 2025 में 51635 वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाही की गई।


# फलासिया प्रीमियर लीग: खिताबी मुकाबले में फलासिया विजेता

स्मार्ट हलचल | फलासिया

पंचायत स्तरीय खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित 'फलासिया प्रीमियर लीग' का भव्य समापन बुधवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में फलासिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुई की टीम को हराकर चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को 41,000 और उपविजेता टीम को 21,000 के नकद पुरस्कार से नवाजा गया।

## फाइनल का रोमांच:

खिताबी मुकाबले में सुई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में फलासिया को 121 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी फलासिया की टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए महज 9.5 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। फलासिया की इस एकतरफा जीत के नायक रोहित तेली रहे, जिन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।



## 17 दिसंबर से शुरू हुआ था खेल महाकुंभ:

इस टूर्नामेंट का आगाज 17 दिसंबर को वरिष्ठ समाजसेवी शंभू लाल आमेटा द्वारा उद्घाटन के साथ हुआ था। उद्घाटन मैच बरूंदनी और मांडलगढ़ के बीच खेला गया था, जिसमें मांडलगढ़ ने जीत दर्ज की थी। पूरे टूर्नामेंट में कुल 22 टीमों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। समापन समारोह के दौरान ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है।

# अवैध सम्बन्धों में बाधा बने पति की गला घोटकरं हत्या, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**करेडा।** थाना क्षेत्र के चावंडिया ग्राम पंचायत के डागं का खेडा गावं में गत दिनों एक संदिग्ध युवक की मौत के मामले का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी मुन्नी राम चोयल ने बताया कि गत दिनों डागं का खेडा निवासी जगदीश पिता मांगी लाल कुमावत की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई जिस पर पुलिस की जांच में चौंकाने वाला मामला सामने आया कि यह सामान्य मौत नहीं है बल्कि एक सोची समझी साजिश के तहत हत्या की गई। जिस पर पुलिस ने साक्ष्यों व अन्य जाचं करते हुए दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें यह सामने आया है कि पत्नी व प्रेमी के अवैध संबंधों केबिच पति रोडा बना हुआ है इसी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। जिस पर पुलिस ने मृतक की पत्नी लक्ष्मी व प्रेमी गोपाल पिता जारु कुमावत को गिरफ्तार कर दोनों से कडी पूछताछ कर रही है जिससे की



अन्य कडियों को जोडा जा सके दो साल से चल रहा प्रेम प्रसंग पुलिस पूछताछ में यह जानकारी सामने आई है कि लक्ष्मी व गोपाल के बीच पिछ्ले दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसको लेकर पति पत्नी मे विवाद भी हो गया जिससे बीच मे रोडा बन रहे पति को हटाने के लिए ये साजिश रची मगर पुलिस की पैनी नजर से ये बच नहीं पाए।

## घटना को अंजाम देने के बाद दोनो रोजमर्रा के काम करने लगे

घटना को अंजाम देने के बाद मृतक की पत्नी व प्रेमी अपने-अपने घर जाकर रोजमर्रा की तरह काम में व्यस्त हो गए काफी देर मृतक के घर नही आने पर लक्ष्मी ने अपने ससुर को खेत पर भेजा जहां औंधे मुहं मिला।

# युवती का मोबाइल छीनकर भाग रहे लुटेरे नाले में गिरे, एक को भीड़ ने दबोचा, जमकर हुई धुनाई



स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के व्यस्ततम कृषि उपज मंडी क्षेत्र में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती का मोबाइल छीनकर भाग रहे बाइक सवार लुटेरो को जनता ने खदेड़ दिया। भागने के प्रयास में लुटेरों की बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर दी।

## नाले में गिरी बाइक, एक आरोपी फरार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवती का मोबाइल छीना और तेजी से भागने लगे। शोर मचने पर आसपास के लोगों ने तुरंत उनका पीछा शुरू कर दिया। घबराहट में लुटेरे बाइक पर नियंत्रण खो बैठे और वह सीधे नाले में जा गिरी। हादसे के बाद एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा, जबकि दूसरा नाले में गिरने के कारण लोगों के हत्थे चढ़ गया।

## पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

पकड़े गए आरोपी से नाराज लोगों ने मौके पर ही उसकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही सुभाष नगर और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। चूंकि मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का था, इसलिए पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। फिलहाल पुलिस फरार दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

# अधिकारी ऑफिस की हवा खा रहे हैं जनता खा रही है धूल

## पुराना आरटीओ रोड पर कोंग्रेस का प्रदर्शन, सड़क की हालत खराब होने से आक्रोश

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

शहर के पुराना आरटीओ रोड की खस्ताहाल स्थिति पर कांग्रेस ने राहगीरों को फूल देकर मास्क वितरित करके अनोखा प्रदर्शन किया इस दौरान पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल ने प्रशासन की अनदेखी और भाजपा सरकार पर हमला बोला पालीवाल ने कहा कि शहर का मुख्य चौराहों में सेआरटीओ रोड एक है और यहां के हालात बहुत खराब हैं जिसके चलते कॉलोनी वासियों को काफी मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। यहां के लोगों को सड़क से उड़ती धूल से अस्थमा जैसी बीमारियों का



सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार बड़े बड़े वादे कर रही हे मगर धरातल पर कोई काम नहीं हो पा रहा हे अधिकारी किसी की सुनते नहीं है। ओर समय रहते इस सड़क की हालात नहीं सुधरे तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आज कांग्रेस ने प्रशासन की लापरवाही आम जन से माफी मांगी है । इस दौरान प्रदर्शन में सभी कांग्रेस के कार्यरता और आम जानो ने आक्रोश जताया है। भीलवाड़ा शहर महासचिव निशार सिलावट ने कहा कि कई बार नगर निगम और प्रशासन कई बार अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते आज आम जनता त्रस्त है। प्रदर्शन करके हमने आक्रोश व्याप्त किया है। भीलवाड़ा शहर में आम जन की आवाज सुनने वाला अब कोई नहीं है अधिकारी बड़े ऑफिस में बैठकर केवल ऐसी की हवा खा रहे हैं और जनता धूल खा रही है। जनता की आवाज अब कहा तक पहुंचेगी सरकार अब जनता की ओर कब ध्यान देगी। भीलवाड़ा में भाजपा का बोर्ड होने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।


# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का बड़ा एक्शन 55 लीटर हथकड़ शराब जब्त, 700 लीटर वॉश किया नष्ट

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में अवैध शराब के निर्माण और परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्त रुख अपना रखा है। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में विभाग ने दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त की और निर्माण सामग्री को नष्ट किया।

## नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल और शराब जब्त

प्रताप नगर थाना क्षेत्र के बिलिया इलाके में गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर आबकारी विभाग ने नाकाबंदी की। इस दौरान



एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखकर घबरा गया और गाड़ी को अनियंत्रित छोड़ मौके से फरार हो गया। मोटरसाइकिल की जांच करने पर प्लास्टिक के कट्टों में थैलियों में भरी 55 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद हुई। विभाग ने शराब और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया ।

वहीं, दूसरी कार्रवाई मांडल थाना क्षेत्र के कोठारी नदी क्षेत्र में की गई। मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम ने वहां दबिश दी। टीम को देख अवैध शराब बना रहे आरोपी मौके से भाग निकले। कार्रवाई के दौरान दो जलती हुई भट्टियों को नष्ट किया गया और शराब बनाने के लिए तैयार किया गया करीब 700 लीटर वॉश मौके पर ही फैलाकर नष्ट कर दिया गया।

इस पूरी कार्रवाई में प्रहराधिकारी धोलाराम विश्नोई और सीआई मुकेश वैष्णव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। आबकारी विभाग की इस निरंतर कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# कार चोरी की वारदात का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

पुलिस थाना प्रतापनगर न थाना क्षेत्र में हुई कार चोरी की घटना के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और चोरी की गई कार को भी बरामद करने में सफलता हासिल की है साथ ही वारदात में उपयोग में ली गयी मोटरसाईकिल को भी जप्त किया है। आरोपियों ने पटेलनगर में स्थित शिव मन्दिर मे भी इसी कार से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा चोरी के मामले में वांछित चल रहे अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत् व पुलिस थाना प्रतापनगर क्षेत्र में कार चोरी की घटना को गम्भीरता से लेते हुए एएसपी पारस जैन के निर्देशन में एवं सज्जन सिहं आरपीएस वृताधिकारी, वृत शहर भीलवाडा के




निकटतम सुपरविजन में प्रतापनगर थानाप्रभारी राजपाल सिहं के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। दिनांक 22.12.2025 को प्रार्थी मोहम्मद फरजन पिता याकुब खान पठान उम्र 62 साल निवासी विधासागर मांगीलाल भवन के पास कांवाखेडा चैराहा शास्त्रीनगर भीलवाडा हाल किसान भवन महावीर कोलोनी जैन मन्दिर के पास भीलवाडा ने थाने पर एक रिपोर्ट पेश की और बताया की उसकी कार मारुती 800 जो प्रार्थी की पत्नि के नाम पर पंजीकृत है को दिनांक 21.12.2025 को समय रात्रि 10 बजे उसके रिहायशी मकान के बहार से कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गये है। उक्त रिपोर्ट पर बीएनएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। टीम ने प्रकरण में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व संदिग्धो से पुछताछ व मुखबीरो के आधार पर कार चोरी करने वाले 3 आरोपीयो को गिरफ्तार किया और चोरी की कार को बरामद किया । गठित पुलिस टीम में आशीष मिश्रा सउनि साईबर सैल, हैड कॉन्स्टेबल विजय सिहं थाना प्रतापनगर, चन्द्रपाल सिहं साईबर सैल, दिलीप सिहं जिला स्पेशल टीम (विशेष योगदान), पवन कुमार जिला स्पेशल टीम भीलवाडा। (विशेष योगदान) पवन कुमार जिला स्पेशल टीम (विशेष योगदान), हरवीर जिला स्पेशल टीम, राधेश्याम, हरिसिहं थाना प्रतापनगर, भगवान दास,एम शामिल थे।

## इन्हे किया गिरफ्तार

सुल्तान उर्फ तारू पिता घीसुलाल उम्र 38 साल निवासी रामपुरिया थाना बनेडा जिला भीलवाडा, गणेश पिता हीरानाथ उम्र 36 साल निवासी चमनपुरा थाना बनेडा और कैलाश जाट पिता कल्याण जाट उम्र 36 साल निवासी बबराना थाना बनेडा को गिरफ्तार किया । आरोपी गणेश पर रायला, मांडल, सुभाषनगर, ब्यावर थाने में जैर ट्रायल आहूत अन्य एक्ट में मामले दर्ज है । वही आरोपित सुल्तान पर भी रायला, मांडल, सुभाषनगर, मंगरोप, सदर, ब्यावर और मांगलियावास थाने में मामले दर्ज है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस, मेथोडिस्ट चर्च में उमड़ी प्रार्थना के लिए भीड़





स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** ईसाई धर्म का सबसे बड़ा पर्व 'क्रिसमस' गुरुवार को भीलवाड़ा शहर सहित जिले भर में पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया । प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कृषि उपज मंडी स्थित मेथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभाओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही ईसाई समुदाय के लोग नए वस्त्र पहनकर सपरिवार चर्च पहुँचे, जहाँ उन्होंने देश और दुनिया में अमन, शांति और भाईचारे के लिए विशेष प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान चर्च के पादरियों ने पवित्र बाइबिल का संदेश सुनाते हुए प्रभु यीशु के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। प्रार्थना सभा के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर चर्च परिसर में केक और मिठाइयाँ बाँटकर खुशियाँ मनाई गईं। फादर परमजीत माइकल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, 'क्रिसमस एक ऐसा त्यौहार है जिसे पूरी दुनिया एक साथ मिलकर मनाती है और इसकी चमक समय के साथ बढ़ती जा रही है। क्रिसमस केवल किसी एक मजहब या धर्म का त्यौहार नहीं, बल्कि पूरी मानवता का पर्व है।' ईसाई समाज की प्रतिनिधि सुनीता नाथ ने जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, 'प्रभु यीशु मसीह प्रेम, स्नेह और एकता का संदेश लेकर आए थे। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपने जीवन का त्याग किया और हमें पापों से मुक्ति दिलाई। सभी समाजजन ने चर्च में आराधना के बाद घर-घर जाकर एक-दूसरे को बधाई दी।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाया पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का जन्मदिन

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा



भारत रत्न पुर्व प्रधानमंत्री स्व अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लापिया डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी श्रीकान्त व्यास और उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के निर्देश पर भारत रत्न पुर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का जन्म दिवस के 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया गया। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर में आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा,राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय मुंशी में आयुर्वेद नर्स मनराज जाट और राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लापिया में आयुर्वेद नर्स रिंकू कुमारी मीणा ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा इसके पश्चात उपस्थित कार्मिकों ने 'सुशासन शपथ' ली।

डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी भारत के दसवें प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला है।श्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राजनेता, शानदार वक्ता और कवि थे, जिनके भाषणों और कविताओं ने लाखों लोगों को प्रेरित किया।उन्होंने भारत के दूसरे पीढ़ी के आर्थिक सुधारों की नींव रखी, जिसमें गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी परियोजनाएं शामिल थीं, जिन्होंने बुनियादी ढांचे में क्रांति ला दी।उन्होंने 1998 में पोकरण में परमाणु परीक्षण (ऑपरेशन शक्ति) कराकर भारत को परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया, और पाकिस्तान के साथ संघर्ष में देश का नेतृत्व किया।वह 9 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा के सदस्य रहे, जो भारतीय राजनीति में उनका गहरा प्रभाव दर्शाता है।शिक्षा, गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास पर उनका जोर था, और उन्होंने अटल पेंशन योजना जैसी पहल की, जिससे गरीबों और असंगठित क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा मिली। उन्होंने शांत कूटनीति में विश्वास रखा और सार्वजनिक दिखावे के बजाय ठोस परिणामों पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे भारत की वैश्विक छवि मजबूत हुई। साथ ही पुलिस थाना परिसर में भी गुरुवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों द्वारा पुर्व प्रधानमंत्री स्व वाजपेयी की 101 वी जयंती पर भारत रत्न स्व वाजपेयी की माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कि गई। साथ ही थाना प्रभारी बच्छराज चौधरी द्वारा पुलिस कर्मियों को सुशासन अनुशासन ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठ की शपथ दिलाई गई। साथ ही शपथ के माध्यम से आमजन की सेवा कानुन व्यवस्था बनाए रखने तथा संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया।

# बांग्लादेश सरकार के खिलाफ पुतला दहन, विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

शाहपुरा के त्रिमूर्ति चौराहे पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं तथा बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद देशभर में उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत गोरक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़, बजरंग दल विभाग संयोजक धनराज वैष्णव, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणावत, सह जिला मंत्री कैलाश धाकड़, जिला संपर्क प्रमुख विनोद सनाढ्य, प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह राणावत, प्रखंड मंत्री महावीर कहार, सह मंत्री श्याम सुंदर व्यास, प्रखंड संयोजक विष्णु सुखवाल, सह संयोजक कमलेश कुमावत, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी विठ्ठल शर्मा तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोकेश कहार, शांति लाल मामोडिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मांडल: भगवानपुर में अंबेडकर भवन की दीवार तोड़ने पर बढ़ा तनाव, दलित संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**भगवानपुरा (भीलवाड़ा)**। उपखंड के भगवानपुर गांव में गुरुवार को अंबेडकर सामुदायिक भवन की चारदीवारी तोड़े जाने के बाद माहौल गरमा गया है। आरोप है कि गांव के ही कुछ भू-माफियाओं ने दुकान निर्माण की नीयत से इस सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, जिससे दलित समाज में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय पुष्कर खटीक की जानकारी के अनुसार, भगवानपुरा बस स्टैंड पर स्थित अंबेडकर सामुदायिक भवन का निर्माण करीब 7 साल पूर्व हुआ था। दलित संगठनों का आरोप है कि गांव के कुछ रसूखदार लोग इस कीमती जमीन पर कब्जा कर दुकानें बनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से दो दिन पूर्व रात्रि के अंधेरे में भवन की चारदीवारी को ढहा दिया गया। गुरुवार को जब यह मामला उजागर हुआ, तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**प्रशासन को दी सूचना, कार्रवाई की मांग**

घटना की गंभीरता को देखते हुए दलित संगठनों के पदाधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को मामले की जानकारी दी है। संगठनों का कहना है कि सार्वजनिक भवन को इस तरह क्षतिग्रस्त करना न केवल गैर-कानूनी है, बल्कि यह एक पूरे समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

> भगवानपुरा में भू-माफियाओं द्वारा अंबेडकर भवन की दीवार तोड़कर दुकान बनाने की कोशिश एक निंदनीय कृत्य है। यदि प्रशासन ने इन दोषियों पर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की, तो भगवानपुरा में आंदोलन किया जाएगा। '
>
> **संदीप चावला, सामाजिक कार्यकर्ता**

# रामस्नेही सम्प्रदाय के दो संतो को सम्प्रदाय से किया निष्कासित

स्मार्ट हलचल | शाहपुरा



चित्तौड़गढ़ में हुए चर्चित रमेश ईनाणी हत्याकांड ने अब केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि धार्मिक जगत को भी गहरे संकट में डाल दिया है। इस सनसनीखेज मामले में नाम सामने आने के बाद रामस्नेही संप्रदाय ने बड़ा और सख्त फैसला लेते हुए चित्तौड़गढ़ निवासी संत रमताराम और सिरोही के संत भजनाराम को संप्रदाय से बाहर कर दिया है। यह निर्णय बुधवार देर रात जारी आदेश के साथ सार्वजनिक हुआ, जिसके बाद धार्मिक हलकों में खलबली मच गई।

रामस्नेही संप्रदाय के कार्यवाहक भंडारी साधु जगवल्लभराम रामस्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय पीठाधीश्वर आचार्यश्री स्वामी रामदयालजी महाराज के मार्गदर्शन में लिया गया। वरिष्ठ संतों एवं भक्त समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संप्रदाय ने यह कठोर अनुशासनात्मक कदम उठाया। आदेशी पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि आगे चलकर इस प्रकरण में किसी अन्य संत की भूमिका उजागर होती है, तो उस पर भी स्वतः निष्कासन लागू होगा।

उल्लेखनीय है कि 11 नवंबर को चित्तौड़गढ़ शहर में दिनदहाड़े कुरियर व्यवसाय से जुड़े रमेश ईनाणी की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस वारदात ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य शूटर मनीष कुमार दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।

# महंगे नशे एमडी पाउडर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** । हमीरगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुऐ एम.डी पाउडर के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया । डीएसटी की सुचना पर हैड कांस्टेबल हेमेन्द्र सिंह मय जाप्ता को लेकर 48 न्यु गिल पंजाब रेस्टोरेन्ट के सामने चितोडगढ से भीलवाडा की और जाने वाली हाईवे रोड पर पहुंचे और नाकाबन्दी लगाई तो एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसके पास अवैध मादक पदार्थ होने की पुर्ण संभावना होने से थानाधिकारी हमीरगढ किसी अन्य कार्यवाही मे व्यस्त होने से थानाधिकारी मंगरोप विजय मीणा मौके पर पहुंचे और संदिग्ध व्यक्ति से नाम पता पुछा तो घबराते हुए अपना नाम शान्तिलाल तेली पिता चम्पा लाल तेली उम्र 32 साल निवासी चमारो व हरिजनो का मोहल्ला कुवालिया थाना साडास जिला चितोडगढ होना बताया उसके कब्जे मे कोई संदिग्ध वस्तु व मादक पदार्थ के बारे मे पुछा तो बगले झाकने लगा और घबराते हुए अपने पास एमडी पाउडर होना बताया जिसकी तलाशी ली गई तो पहने हुए लोवर मे एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली मे एमडी पाउडर पाया गया जो बिना वैद्य लाईसेन्स/परमिट के अपने कब्जे मे रख परिवहन करना पाया जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।

# लावारिस पिकअप के अंदर मिला 41 किलो डोडा चुरा आरोपी की तलाश जारी




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । पुलिस थाना हमीरगढ ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध एक ओर बड़ी कार्यवाही करते हुऐ 41 किलोग्राम डोडा चुरा और पिकअप वाहन को जप्त किया। थाना हमीरगढ को सुचना मिली की डीएसटी टीम एक पिकअप का एनएच 48 पर पीछा कर रहे थे, पिकअप ड्राईवर ने पिकअप को अजय इण्डिया फेक्ट्री के सामने रोड पर छोड जंगल कि तरफ भाग गया । उक्त पिकअप की गहनता से तलाशी ली गयी तो, चालक सीट के नीचे एक धारदार तलवार व पिकअप के डाले में दो प्लास्टिक के कट्टे मिले जिसमें डोडा चुरा जिसका वजन कुल 41 किलो 400 ग्राम होना पाया। अज्ञात पिकअप चालक द्वारा अपने कब्जेशुदा पिकअप में अवैध डोडा चुरा व धारदार तलवार रख परिवहन करने पर पिकअप, अवैध डोडा चुरा व धारदार तलवार को जप्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

# कमला विहार स्थित राधाकृष्ण मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाया पोषबंडा महोत्सव

**भक्ति भाव व उत्साह से महिलाओं ने कीर्तन के साथ लिया नृत्य का आनंद**



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** शहर के कमला विहार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में महिला मंडल द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ पोषबडा महोत्सव मनाया गया। स्थानीय महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति भाव से आयोजन को सफल बनाया। मंडल की लीला चेचाणी ने बताया कि विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर भगवान को समरसता का भोग हलुआ, खीरान, नमकीन, मीठी पकौड़ी का भोग लगाया। पौष माह का महत्त्व बताने वाले भजन-कीर्तन किए। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कीर्तन के साथ नृत्य का आनंद लिया। पंडित द्वारा ठाकुर जी की महाआरती की गई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में सत्यप्रभा सोमानी, प्रवीणा सिंह, सुनीता, शोभा तोषनीवाल, भंवर कंवर, सरोज, सखी, सुमन, पुष्पेन्द्र सहित कई महिलाएं सदस्याए व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती मनाई



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सवाईपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मनाई गई । युवा नेता देवराज जाट ने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । इस दौरान सवाईपुर प्रशासक किशन जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, ओमप्रकाश काष्ट, लादूलाल जाट खजीना, कांस्टेबल श्रवण कुमार, दयाल सिंह, अर्जुन जाट, बलवंत, विष्णु जाट, राकेश गाडरी, हरि भवादा आदि मौजूद रहे।

# बागोलिया की छात्रा ने किया रायपुर ब्लॉक का नाम रोशन



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** सेठ किशन लाल कांकरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नागौर में आयोजित तीन दिवसीय इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी 2024-25 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागोरिया की छात्रा कृष्णा कुमावत का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु हुआ यह पहली बार है जब रायपुर ब्लॉक से इंस्पायर अवार्ड मानक के राष्ट्रीय प्रदर्शनी में किसी छात्र विद्यार्थी का चयन हुआ हो बागोरिया विद्यालय के प्रधानाचार्य जी श्री राजीव वर्मा ने बताया की कृष्णा कुमावत का नवाचार रियूजेबल ट्रीगार्ड वर्तमान समय की आवश्यकता है। क्योंकि इस ट्री गार्ड को कई बार प्रयोग किया जा सकता है। इस नवाचार में विज्ञान के वरिष्ठ अध्यापक श्री किशन लाल जांगिड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा । यह उपलब्धि बागोलिया गांव, रायपुर ब्लॉक और भीलवाड़ा जिले के लिए गर्व का विषय है।

# निरंकार पर दृढ़ विश्वास गुरु पर भरोसा करने पर जीवन का कल्याण सम्भव:-सन्त ग्यारसीलाल

स्मार्ट हलचल | माण्डलगढ़





उपखण्ड क्षेत्र के चौधरियास ग्राम में बुधवार रात्रि को विशेष सत्संग कार्यक्रम का आयोजन भीलवाड़ा के ज्ञान प्रचारक महात्मा श्री ग्यारसीलाल जी के सानिध्य में किया गया। सन्त ग्यारसीलाल ने सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सतुरु की महिमा का वर्णन किया व कहा कि सतुरु वह है जो सत्य का बोध कराकर तत्वज्ञान प्रदान करता है और मन के सभी भ्रम दूर करता है। उन्होंने बताया कि सतुरु न केवल सही मार्ग दिखाता है, बल्कि भटकी हुई आत्मा को मंजिल तक पहुंचाने का कार्य भी करता है। उनके अनुसार सदुरु सर्व समर्थवान होता है और उसके समान कोई दूसरा दाता नहीं होता।

सत्संग में उन्होंने समझाया कि जब भक्त सतुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर उसी मार्ग पर चलता है, तभी उसके जीवन की उलझनें दूर होती हैं। प्रभु परमात्मा की असीम शक्ति से जुड़ने पर भक्त के जीवन में विशालता, विनम्रता और प्रेम की भावना का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि भक्ति का प्रभाव व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ पूरे समाज पर भी सकारात्मक असर डालता है। माता-पिता व गरु के के वचनों पर चलकर व उनका पालन करने पर जीवन स्वर्गमयी बन जाता है।सत्संग आयोजक मुकेश महात्मा सहित उनके परिवार जनों द्वारा भीलवाड़ा से आए ज्ञान प्रचारक सन्त श्री ग्यारसीलाल जी को दुप्पटा व मालाऐं पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। सत्संग में सुखदेव महात्मा बोरखेड़ा, दुर्गालाल महात्मा ब्रांचमुखी माण्डलगढ़, भोपाल महात्मा कोटड़ी, दुर्गालाल महात्मा मोहनपुरा, वेणीराम महात्मा बड़लियास, रामपाल महात्मा नन्दराय, देवीलाल महात्मा गोविंदपुरा, रामलाल महात्मा शंकरपुरा सहित अन्य सन्तो द्वारा सत्संग में गीत, भजन, विचार प्रस्तुत कर सन्तो को सदुरु द्वारा बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।सत्संग में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों में बिगोद, माण्डलगढ़, सोपुरा, नन्दराय, बोरखेड़ा, कोटड़ी, पीपल्दा, बड़लियास सहित अन्य गांवों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# गांव के मुख्य सड़क पर गलत स्थान पर स्पीड ब्रेकर बनाने से, हादसों का खतरा बढ़ा

**सुरक्षा उपाय: साइनबोर्ड, रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, विशेष रूप से स्पीड ब्रेकर के पास**

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** ग्राम पंचायत के गांव के मुख्य सड़क पर पैचवर्क पीडब्ल्यूडी द्वारा गलत दिशा में स्पीड ब्रेकर बनाने से स्थिति से आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लाडपुरा चौराहे और भैरुजी मंदिर पास स्पीड ब्रेकर के पास साइनबोर्ड लगाएं जो वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर की जानकारी पढ़ सके। स्पीड ब्रेकर के पास रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत लगाएं ताकि वाहन चालक उन्हें आसानी से देख सकें। एक स्थानीय निवासी ने नाराजगी जाहिर की। विजयराम माली ने बताया कि मार्ग जाने वाले रोजाना आने-जाने वाले वाहन चालकों तक सभी प्रभावित हैं। गौरतलब है कि स्पीड ब्रेकर के कारण गत दिनों दीपक बैटरी वाला दुर्घटना ग्रस्त हुआ है। जिससे वाहन चालकों की दृश्यता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रहे।

ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा की गांव के मुख्य सड़क का पैचवर्क कार्य 10 दिसंबर 2025 को शुरू हुआ था, हालांकि, मौके पर हो रहे स्पीड ब्रेकर बनाने से ग्रामीणों में रोष है। कस्बे के स्पीड ब्रेकर की स्थिति को लेकर आमजन खासे परेशान हो चुके हैं एवं रोजाना दिन उगते ही सड़क मार्ग पर किसी वाहन के खराब हो जाने या फिर अन्य किसी कर्म से स्पीड ब्रेकर से वाहन चालक आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, लेकिन स्थाई समाधान नहीं निकलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अन्यथा कभी भी बड़ा हादसा भी हो सकता है एवं रोजाना होने वाली स्पीड ब्रेकर की स्थिति से जनता को परेशानी भी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का रोष बढ़ता जा रहा है, क्योंकि इस सड़क से दर्जनों गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना समयबद्ध कार्रवाई के यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्चाधिकारियों तक पहुंचेंगे। पंचायत समिति और पीडब्ल्यूडी निर्माण विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा की जा रही है, ताकि सड़क पर यातायात सुगम और सुरक्षित हो सके।

# सांसद खेल महोत्सव समापन पर मोदी का देश के युवा खिलाड़ियों से वर्चुअल संवाद

## भाजपायों ने अटल जी की जन्मशताब्दी अटल स्मृति वर्ष पर सुशासन दिवस के रूप में मना पुष्पांजलि अर्पित की

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा





भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर देश भर में एक साथ हो रहे सांसद खेल महोत्सव 2025 का समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के वर्चुअल माध्यम से देश भर के खिलाड़ियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उत्साहवर्धन किया, देश के युवा खिलाड़ियों से देश के विभिन्न राज्यों से उन्होंने वर्चुअल संवाद भी किया,

29 अगस्त से प्रारंभ हुआ सासद खेल महोत्सव में 290 सासदो ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए महोत्सव में एक करोड़ युवा खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिससे ग्रामीण, विधानसभा व लोकसभा स्तर तक खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रधेय अटल बिहारी वाजपेई जी की 'जन्म शताब्दी' 'अटल स्मृति वर्ष' के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य , भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर देवांश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाइव वर्चुअल सम्बोधन कार्यक्रम आज गुरुवार प्रातःभीलवाड़ा भाजपा जिला कार्यालय पर बड़ी स्क्रीन पर लाइव वर्चुअल देखकर किया।

25 दिसंबर अटल जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित कर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर जिला संयोजक अटल स्मृति वर्ष एवं महापौर नगर निगम राकेश पाठक, कार्यक्रम प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सह प्रभारी राकेश कसेरा ,आईटी कोऑर्डिनेटर अजय नोलखा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

सांसद अग्रवाल ने देशव्यापी कार्यक्रम सांसद खेल महोत्सव के समापन के अवसर पर उन्होंने अटल जी को याद करते हुए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना से सड़कों का जाल व नदियों को जोड़ने का कार्यक्रम की याद दिलाई, उन्होंने कहा कि 101 वर्ष पूर्ण होने पर इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि युवा निर्माण होगा तो राष्ट्र का निर्माण होगा सांसद खेल महोत्सव से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे जिसमे सभी को सहभागिता निभानी होगी।

इस अवसर पर श्रधेय 'अटल जी' को भावांजलि पुष्पांजलि अर्पित की गई उनकी तस्वीर पर भाजपा जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

### पांच खिलाड़ियों का किया सम्मान

सांसद खेल महोत्सव के समापन के अवसर पर जिले के पांच वर्ल्ड, एशियन एवं राष्ट्रीय खेलों में श्रेष्ठ रहे पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया उन्हें पगड़ी, दुपट्टा पहना कर मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल एवं कार्यक्रम कीअध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाअध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा महापौर नगर निगम राकेश पाठक ने सम्मानित किया जिसमें अश्वनी बिश्नोई, निखिल जाट शाहपुरा, अंजलि कच्छावा, चार्वी माली, अनीता जाट सम्मिलित थी।

# आवारा सांड का आतंकः बुजुर्ग पर हमला, गंभीर हालत में भीलवाड़ा रेफर

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** नगर पालिका क्षेत्र में आवारा एवं निराश्रित पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर की सड़कों और चौराहों पर आए दिन सांडों को आपस में लड़ते हुए देखा जा सकता है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जन-धन की हानि हो रही है।

गुरुवार को नगर की मुख्य चौपाटी पर एक दर्दनाक घटना सामने आई। आवारा सांड के हमले में 80 वर्षीय बुजुर्ग दौलत राम माली गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें भीलवाड़ा रेफर किया गया।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पालिका की लापरवाही के कारण आमजन की जान जोखिम में है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या किसी और की जान जाने के बाद नगर पालिका जागेगी?

आवारा पशुओं की समस्या पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की मांग को लेकर शहरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एण्ड एंट्री करप्शन मिशन के प्रदेश सचिव बने पवन बावरी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



राष्ट्रीय मानवाधिकार और एंटी करप्शन मिशन द्वारा भीलवाड़ा के पवन बावरी को प्रदेश सचिव के रूप में नियुक्ति मिली है संगठन द्वारा राजस्थान प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा पूर्व डीजीपी मल अंसारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वसीम राजा ने सर्व समिति से भीलवाड़ा के पवन बावरी को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार और एंटी करप्शन मिशन के प्रदेश अध्यक्ष सीपीआर्य ने पवन बावरी को बधाई देकर मानवाधिकारों का हनन ओर भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करने और जनहित में भागीदारी निभा ने के लिए निर्देशित किया।

पवन बावरी पहले भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एण्ड एंट्री करप्शन मिशन में जिला अध्यक्ष की भूमिका अदा कर चुके हैं और उस समय भी संगठन को मजबूती प्रदान करने और जनहित में काम करने से संगठन ने उन्हें प्रदेश सचिव के रूप में नियुक्त किया। पवन बावरी ने बताया कि मानवता गरीबों पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नया आयाम स्थापित करके जनहित के मुद्दों को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाएंगे साथ ही जहां-जहां भ्रष्टाचार की शिकायत आएगी वहां जन आंदोलन करेंगे।

# बापूनगर में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुषमा स्वराज राजकीय सामुदायिक भवन, बापूनगर में रंगोली मांडना एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय पार्षद श्री लव कुमार जोशी के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डी.सी. जैन रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. राजेश शर्मा थे, जबकि व्याख्याता एम. कोडिस सर, हंसा पारीक एवं लाडो स्पोर्ट्स एकेडमी के संयोजक लक्ष्मण सिंह राठौड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का अवलोकन एडीओ तेजकरण एवं रामेश्वर द्वारा किया गया।

मेहंदी प्रतियोगिता में दीप्ति त्रिवेदी ने प्रथम तथा उषा कंवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रेम आचार्य प्रथम एवं अक्षरा द्वितीय स्थान पर रहीं। आयोजकों ने प्रतिभागियों की कला, सृजनशीलता एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त बनाते हैं।

# खेल से अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसे गुणों का होता विकासः वरुण लढा

## सुदिवा प्रीमियर लीग सीजन 5 हुई सम्पन्न, सुदिवा रॉयल्स (मेंटेनेंस) रही विजेता, सुदिवा लायंस रही उपविजेता

## सुदिवा कांट्रेक्टर एवं सुदिवा ब्लास्टर (एडमिन) की टीम के बीच हुआ मैत्री मैच, सुदिवा ब्लास्टर (एडमिन) की टीम रही विजयी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि खेल के माध्यम से अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसे गुणों का भी विकास होता है। यह बात सुदिवा स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड सरेरी के मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण लढा ने सुदिवा प्रीमियर लीग सीजन-5 के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। लढा ने कहा कि वे सभी टीमे और खिलाड़ी जो इस बार जीत से कुछ कदम दूर रह गए हैं उनसे मेरा आग्रह है कि खेल में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन जो बात सबसे महत्वपूर्ण है वो है आपकी खेल भावना, परिश्रम और निरंतर आगे बढ़ने का ज्जबा। उन्हानें कहा की अगले साल 2026 में आयोजित होने वाले सुदिवा प्रीमियर लीग सीजन-6 में कुछ बदलावों के साथ नए फॉर्मेट एवं नये मैदान पर खेला जाएगा। इससे पुर्व सुदिवा स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड सरेरी भीलवाड़ा में 10 दिसम्बर से आयोजित हो रही सुदिवा प्रीमियर लीग सीजन-5 का फाइनल महा मुकाबला सुदिवा रायल्स (मेंटेनेंस) और सुदिवा लायंस के बीच खेला गया। फाइनल महा मुकाबले में टॉस सुदिवा लायंस के कप्तान शोभालाल माली ने जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुदिवा रायल्स (मेंटेनेंस) ने निर्धारित 12 ओवर में 172 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सुदिवा लायंस की टीम 11.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 102 रन ही बना सकी। इस प्रकार सुदिवा रायल्स (मेंटेनेंस) ने यह फाइनल मुकाबला 70 रनों से जीत लिया। फाइनल मुकाबले में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण लढ़ा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (टेक्निकल) अक्षय जैन, एचआर पुष्पेंद्र जैन समेत सभी विभागों के प्रमुख, अन्य स्टाफ और भारी मात्रा में श्रमिक दर्शक के रूप में मौजूद रहे। अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण लड्ढा ने टूर्नामेंट के विजेता टीम सुदिवा रॉयल्स (मेंटेनेंस) के खिलाड़ियों को और उपविजेता सुदिवा लायंस के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में आज के मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राजेश माली को मिला। पूरे टूर्नामेंट में फील्डिंग क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट फील्डर का पुरस्कार इंजिनिरिंग विभाग के कैलाश को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज - बेस्ट बॉलर का पुरस्कार स्त्तष्ट विभाग के मनोज पुरोहित को मिला, बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार एचआर टीम के कप्तान नवीन प्रजापति को मिला, तथा पुरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले ओपन एंड विभाग के बल्लेबाज मनीष कुमार को मोस्ट सिक्सर के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में सुदिवा कांट्रेक्टर एवं सुदिवा ब्लास्टर (एडमिन) की टीम के बीच एक मैत्रीय मैच का भी आयोजन किया गया जिसमें सुदिवा ब्लास्टर (एडमिन) की टीम विजयी रही। आयोजित प्रतियोगिता में लिखित स्कोरर की भूमिका में नरेंद्र खेतवाल तथा क्रिक हीरोज एप्प में डिजिटल स्कोरर की भूमिका में महावीर गुर्जर एवं नवीन प्रजापत मौजूद रहे। तथा पूरे प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका बाहर से बुलाये गए अंपायर अजय गुर्जर एवं सुरेश गुर्जर ने निभाई। पप्रतियोगिता का सफल आयोजन एवं संचालन तथा कमेंटेटर की भूमिका आशुतोष पाण्डेय एवं नीरज सुखवाल ने निभाई।

# मालवा मीडिया फेस्ट का बांसवाड़ा में हुआ विमोचन



स्मार्ट हलचल | बांसवाड़ा

सक्षम संचार फाउंडेशन द्वारा रतलाम में 9 से 11 जनवरी को आयोजित होने वाले मालवा मीडिया फेस्ट के तीसरे संस्करण के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को बाँसवाड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह अशोक सुथार, पुलिस मुख्यालय जयपुर के अतिरिक्त निदेशक(प्रचार) डॉ. कमलेश शर्मा, मीरा कन्या महाविद्यालय के प्रो. सुनील खटीक, डॉ. राकेश डामोर, विभाग प्रचार प्रमुख विष्णु बुनकर, डॉ. लोकेंद्र कुमार, शिक्षाविद वसुमित्र सोनी व राष्ट्रीय सेविका की रुचि श्रीमाली के आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर सक्षम संचार फाउंडेशन की डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने बताया कि मालवा क्षेत्र में मीडिया शिक्षा, रचनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह तीन दिवसीय फेस्ट इस वर्ष दो विशेष विषयों—'ऑपरेशन सिंदूर' और 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर'—को केंद्र में रखकर आयोजित किया जा रहा है।

पोस्टर विमोचन के अवसर पर डॉ. नीरज श्रीमाली, सलूम्बर से गणेश मेहता, जुगनू त्रिवेदी, रणधीर व्यास, रोहित व्यास, मामराज, तुषार, देवांश गिरि सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद थे।

**यह है 3 दिवसीय कार्यक्रम :**

अर्चना शर्मा ने बताया कि फेस्ट की शुरुआत 9 जनवरी की सुबह भाबरा में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के जन्मस्थान के भ्रमण से होगी। इसके बाद शाम को रतलाम में उद्घाटन सत्र और संविधान प्रदर्शनी के साथ औपचारिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। उद्घाटन के बाद कबीर नाइट में पद्मश्री प्रहलाद टिपानिया कबीर भजनों की प्रस्तुति देंगे, जबकि 'काकोरी कांड' डॉक्यूमेंट्री का विशेष प्रदर्शन होगा। 10 जनवरी को आयोजित दूसरा दिन 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर आधारित रहेगा। कार्यक्रम में लकी बिष्ट अपनी पुस्तक पर कीनोट देंगे, जबकि मेजर नमृता धसमाना राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में मीडिया के कर्तव्यों पर प्रकाश डालेंगी।

# एनएसयूआई आसींद विधानसभा कार्यकारिणी का विस्तार

स्मार्ट हलचल

**आसींद (भीलवाड़ा)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष संपत गुर्जर ने संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के उद्देश्य से आसींद विधानसभा क्षेत्र में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं।

जिला अध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार, आसींद के ऊर्जावान छात्र नेताओं को मुख्य पदों पर मनोनीत किया गया है,महावीर जाट विधानसभा अध्यक्ष (आसींद), सुनील मेघवंशी ब्लॉक अध्यक्ष, सुनील खटीक नगर अध्यक्ष (आसींद),राहुल पठान नगर कार्यकारी अध्यक्ष

### संगठन की मजबूती पर जोर

इन नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र में छात्र शक्ति को एकजुट करना और आगामी शैक्षणिक सत्र व छात्र राजनीति में कांग्रेस की छात्र इकाई का वर्चस्व कायम करना है।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का संदेशः

'हमें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, हम उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरेंगे। आसींद के प्रत्येक कॉलेज और ढाणी तक ह्स्ढ्ढ की विचारधारा को पहुँचाया जाएगा और छात्रों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। '

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष संपत गुर्जर और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। इस घोषणा के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है और उन्होंने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी मनाई।

# सुशासन दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को पुष्पांजलि अर्पित की

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को सुशासन दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें उनके जीवन और आदर्शों को याद किया जा रहा है। पुष्पांजलि अर्पण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति उद्यान में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली। अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन और आदर्शों को याद करते हुए, हम सभी को सुशासन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने और उसे निभाने का संकल्प लिया गया। डॉ. राहुल चौधरी के मार्गदर्शन में सुशासन दिवस का आयोजन, अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित सुशासन दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम डॉ. राहुल चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएनएम लाजवन्ती, कम्पाउंडर शिवलाल धाकड़, शंभू कीर द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने श्रद्धा एवं सम्मान के साथ भाग लिया तथा अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण किया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर जनसेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।

## एसएमपीएस द्वारा दो दिवसीय कौन बनेगा एसएमपीएस मास्टर माइंड प्रतियोगिता सम्पन्न

# रियांशी न्याती बनी एसएमपीएस मास्टर माइंड : आदित्य वैष्णव द्वितीय, दिशांत सैनी रहे तृतीय, दर्शकों ने भी तालियों से किया उत्साहवर्धन

स्मार्ट हलचल




**भीलवाडा।** श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित श्री महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग में दो दिवसीय कौन बनेगा एसएमपीएस मास्टर माइंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न की गई। श्री महेश सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने सहभागिता से इस रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम दिन प्रतियोगिता का प्री राउंड रखा गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि भैरुलाल काबरा, (पूर्व अध्यक्ष, रामेश्वरम भवन ट्रस्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता), गोविंद प्रसाद सोडानी (नौगावां सांवरिया मंदिर ट्रस्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता) तथा महेश सेवा समिति के सभी सम्माननीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में सोचो और सही विकल्प चुनो, ध्वनि/आवाज़ पहचानो, वीडियो आधारित प्रश्न, इमोजी से शब्द या संदेश पहचानो तथा मैजिकल मिस्ट्री बॉक्स आदि राउंड रखे गए। द्वितिय दिन फाइनल राउंड आयोजित हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथि राजकुमार काल्या (अर्थमंत्री अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा), मुख्य अतिथि श्रीमती ममता मोदानी (निर्देशक संगम यूनिवर्सिटी), उम्मेद सिंह राठौड़ (अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन 2026), राजेश शर्मा (अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन 2025), जगदीश ईनानी (निर्देशक एसआरडी ग्रुप), डॉ. दिनेश भार्गव (प्रोफेसर इतिहास और संस्कृति विभाग आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राज-स्थान), तथा श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कुमार कचौलिया, उपाध्यक्ष कृष्णगोपाल जाखेटिया, सत्यनारायण मूंदड़ा, सह-सचिव प्रहलाद राय हिंगड़, कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती, संचालक सदस्य ओम प्रकाश मालू, केदारमल जागेटिया, दिलीप तोषनीवाल, सुरेश चंद्र काबरा, दिनेश कुमार शारदा, चंद्र प्रकाश काल्या उपस्थित रहे। फाइनल राउंड में बौद्धिक बहुविकल्पीय प्रश्न, पहेलियों का महासंग्राम, ऑडियो आधारित रोमांचक प्रश्न, स्क्रीन देखकर समझो और उत्तर दो, भाग्य पासा/किस्मत का पासा आदि रखे गए। पधारे हुए अतिथियों तथा समिति के सभी सम्माननीय सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती का द्वीप प्रज्जवलन किया गया। स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों में सामान्य ज्ञान, तार्किक सोच तथा त्वरित निर्णय क्षमता को विकसित करना था। प्रतियोगिता के दौरान प्रश्नोत्तर के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों ने भी तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास से यह सिद्ध कर दिया कि वे देश के उज्जवल भविष्य है। उनकी रचनात्मक सोच, अनुशासन और प्रस्तुति देखकर यह स्पष्ट है कि उनमें छिपी प्रतिभा को सही मंच मिला है। समिति के सचिव राजेंद्र कचौलिया ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों व अभिभावकों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा से इस मंच को भाव विभोर कर दिया, मैं उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ, क्योंकि हार-जीत से ऊपर उठकर छात्रों ने जिस उत्साह और लगन से भाग लिया वही इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी सफलता है। निर्देशक व विद्यालय प्रभारी दिनेश कुमार शारदा ने बताया कि आज की इस प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया कि सच्चा ज्ञान रटने से नहीं समझने से आता है, जिस तरह से छात्रों ने अपने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ भाग लिया वह अपने आप में एक जीत है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा 3 की रियांशी न्याती, द्वितीय स्थान पर कक्षा 4 के आदित्य वैष्णव तथा तृतीय स्थान पर कक्षा 3 के दिशांत सैनी रहे।

# श्री कामधेनु बालाजी मंदिर मे तुलसी पूजन के साथ पोष बड़ा का भव्य आयोजन संपन्न



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर के मुख्य धार्मिक स्थलों मे से एक श्री कामधेनु बालाजी मंदिर में अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ तुलसी पूजन का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन संयोजक एवं श्री कामधेनु बालाजी मंदिर ट्रस्ट सचिव पारस शर्मा ने बताया कि मंदिर पुजारी जगन्नाथ शर्मा, श्री कामधेनु बालाजी ट्रस्ट संरक्षक शिव नुवाल एवं श्याम लाल ओझा के सानिध्य मे पंडित प्रताप सिंह द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ तुलसी पूजन किया गया, इसके पश्चात् भगवान श्री बालाजी को पोष वड़ा का भोग अर्पित कर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कामधेनु बालाजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अमित काबरा, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार ओझा, संगठन मंत्री अंजना तिवाड़ी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सत्य नारायण शर्मा, अशोक शर्मा, नरेश ओझा, जगदीश जी सुवालका, श्याम जी ओझा बागोर, लक्ष्मी नारायण मुंदडा, उमा व्यास, गोपाल शर्मा, रेखा सोनी, सुप्रिया दीक्षित, ओम प्रकाश लड्ढा, ललित जीनगर,अजय बैरागी, आकाश सेन, राधा देवी, बाली देवी, मंजू सेन, तुलसी देवी, इंदिरा देवी राजू जी सेन, राहुल सेन, कमलेश सेन, मदन सुथार, साधना उपाध्याय, सोनू , रोशन, हेमा शर्मा, सविता शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों द्वारा सहयोग किया गया।

## निंबाहेड़ा में हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी का सेवा संकल्प

# दसवें विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ, पहले ही दिन 1500 से अधिक लाभान्वित

**360 नेत्र रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित, जनसेवा का बना प्रेरक उदाहरण स्वर्गीय हरीश आंजना व परिजनों की पुण्य स्मृति में आयोजित हो रहा है 10वां विशाल शिविर**

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

**निंबाहेड़ा** । हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी के तत्वावधान में गुरुवार को निंबाहेड़ा में मानवता की सेवा का एक बड़ा अध्याय शुरू हुआ। सोसायटी द्वारा आयोजित 10वें विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के पहले ही दिन 1500 से अधिक नेत्र रोगियों ने अपनी जांच करवाई। इनमें से 360 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है, जिनका उपचार पूर्णतः निःशुल्क होगा।





### विशिष्ट अतिथियों ने किया शुभारंभ

शिविर का विधिवत उद्घाटन राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं छोटी सादड़ी के पूर्व प्रधान मनोहरलाल आंजना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह शिविर स्वर्गीय हरीश आंजना, श्रीमती गोपीबाई, भेरूलाल आंजना एवं कमला बाई आंजना की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर उदयलाल आंजना ने स्वयं मरीजों से मिलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### विशेषज्ञों की टीम दे रही सेवाएं

भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई, जयपुर की प्रभारी डॉ. पूनम गुप्ता के नेतृत्व में डॉ. सिद्धेश गर्ग, डॉ. राशिद मोहम्मद सहित विशेषज्ञों की टीम और निंबाहेड़ा जिला चिकित्सालय का स्टाफ अपनी सेवाएं दे रहा है। सोसायटी के सचिव जगन्नाथ सोलंकी ने बताया कि शिविर में निंबाहेड़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं।

### प्रमुख उपस्थितिः

इस अवसर पर प्रमोद सिंह सिसोदिया (जिला कांग्रेस अध्यक्ष), शिवदयाल शर्मा (पूर्व जिला अध्यक्ष), सुभाष चंद्र शारदा (निवर्तमान अध्यक्ष, नपा), संदीप शर्मा (निवर्तमान सभापति, चित्तौड़गढ़), सम्पत धाकड़ (ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष) नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, छोटी सादड़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश जाट, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमृत बंडी, संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, विधानसभा



युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, नगर अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी,पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परसराम कृपलानी,छोटी सादड़ी के पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार, महबूब खान,रावतभाटा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पारस जैन, बड़ी सादरी कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अभय कुमार जैन, छोटीसादड़ी नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष गोपाल शर्मा,ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल,ब्लाक अध्यक्ष कैलाश साहू,नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पारख, सेवादल के नगर मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, कांग्रेस ओबीसी विभाग के नगर अध्यक्ष मुकेश माली, नगर कांग्रेस एस सी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ललित पहाड़िया, नगर एन एस यू आई अध्यक्ष राहुल सेन,ज़िला कांग्रेस कमेटी महासचिव भोप राज टांक, मनोहर सिंह मीणा,रामगोपाल,सचिव नुसरत खान,आईदान गड़वी, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष चांदमल विरानी, मुकेश मेघवाल, नीलू शर्मा, फ़हीम खान बक्सी, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीण-नगरीय क्षेत्र के लोग एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी द्वारा निरंतर आयोजित किए जा रहे ऐसे सेवा शिविर न केवल जरूरतमंदों के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं, बल्कि समाज में सेवा, संवेदना और सहयोग की भावना को भी सशक्त कर रहे हैं। सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, आर.एन.टी. महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल|माण्डलगढ़

गांधीनगर सेक्टर नंबर पांच,स्थित आर.एन.टी.विधि महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में 'बाल विवाह मुक्त भारत सौ दिवसीय अभियान' के अंतर्गत एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु विधिक जागरूकता फैलाना तथा युवाओं को कानून के प्रति सजग बनाना रहा। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मानसिंह चुंडावत के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। महाविद्यालय समन्वयक गौरव त्यागी एवं उप-प्राचार्य डॉ.प्रभा भाटी ने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,चित्तौड़गढ़ के पूर्णकालिक सचिव सुनील कुमार गोयल रहे। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम,2006 के प्रावधानों,



दंडात्मक परिणामों तथा बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सौ दिवसीय अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक विधिक जानकारी पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नालसा द्वारा संचालित आशा योजना की जानकारी भी दी।

पैनल अधिवक्ता भारती गहलोत ने बाल विवाह को कानून अपराध बताया और विद्यार्थियों से इसको समाज से दूर करने की शपथ दिलवाई। पैनल अधिवक्ता संदीप सेठिया ने इसे बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय बताया और विद्यार्थियों से अभियान का संदेश समाज तक पहुँचाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन विधि व्याख्याता जफ्फर हुसैन वैलिम द्वारा किया गया और साथ ही साथ बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन को जन जन तक पहुंचाने और पूरे देश में विधि के शासन को स्थापति करने का संकल्प लिया। शिविर में गायत्री सेवा संस्थान, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं महिला अधिकारिता विभाग की संयुक्त सहभागिता रही। इस अवसर पर गायत्री सेवा संस्थान के गोविंद सिंह भाटी सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बी.एड.एवं बी.एस.टी.सी.की इंचार्ज डॉ.मधु शर्मा,वरिष्ठ अधिवक्ता बी.एल. पोखरणा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के विधि व्याख्याता जमीर आलम, सोनिया राजोरा, मेहा डाड, गजेंद्र जोशी एवं बी.एड./बी.एस.टी.सी. के व्याख्याता प्रीति वर्मा, डॉ. चंचल राठौर, निरंजन माली, लाजवंती छतवानी,मनीष सोनी, रऊफ अहमद, हिमांशु तिवारी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विधि व्याख्याता अमित कोहली ने भी इन कुरीतियों को दूर करने के सुझाव दिए। विधि व्याख्याता गजेंद्र जोशी ने इस विषय पर अपने विचार रखते हुए इससे जुड़े विभिन्न कानूनों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

# हाइवे 758 गुरलां आबादी क्षेत्र में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा कर पलटी, कार सवार कुएं में कूदा

स्मार्ट हलचल

**गुरला।** हाइवे 758 पर स्थित गुरलां के आबादी क्षेत्र में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा कर पलटी खा गई हालाकी कार सवार घटना में बाल-बाल बच गए । गुरला में रात्रि कालीन घूमने जाने वाले नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुरला में बुधवार शाम तेज रफ्तार में आ रही कार अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और भीलवाड़ा से उदयपुर की ओर जा रही तेज रफ़्तार



कार डिवाइडर से टकराते हुए पलटी खा गई ।

गुरलां में बुधवार रात्रि 9 बजे हुई दुर्घटना में दो कार सवार थे जिसमें से एक कार सवार कुएं में कूद गया संभवतः ग्रामीणों की पिटाई के डर से कुएं में कुदा जिसे ग्रामीणों ने बाहर निकल कर पुलिस को सौंपा ।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस व हाइवे सेप्टि टीम व एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंचे और बाद में ग्रामीणों की सहायता से सही किया गया गया। हादसे में राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि जिस स्थान पर कार पलटी वहां ग्रामीण घुमने निकलते, उससे कुछ ही दूरी पर ग्रामीण मौजूद थे, लेकिन किसी को चोट नहीं आई।

### ग्रामीणों ने सर्विस लाइन की मांग की

गुरलां के ग्रामीणों ने बताया कि गुरलां आबादी क्षेत्र में ग्राम पंचायत, अस्पताल, स्कूल, बैंक, व अन्य सरकारी दफ्तर मौजूद हैं जिससे लोगों की आवाजाही बनी रहती है सर्विस लाइन नहीं होने से लोगों को हाईवे पर चलना पड़ता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ग्रामीणों ने सर्विस लाइन बनाने की मांग की।

# राजेश स्वामी को जयपुर जिला संयोजक नियुक्त किया

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग ने राजेश स्वामी को कोर कमेटी जयपुर जिला संयोजक के रूप में नियुक्त किया है। बुधवार को राज आंगन रिसोर्ट, जयपुर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें यह नियुक्ति दी गई।

इस दौरान डिप्टी सीएम प्रेमचंद बेरवा मुख्य अतिथि थे व विशिष्ट अतिथि आसपुर विधायक उमेश डामोर रहे, दर्जनों रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस सहित इस दौरान कहीं शासनिक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग के इस कार्यक्रम में इस अवसर पर, संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष बजाज, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष रामजीलाल बैरवा, जनरल सेक्रेटरी रिटायर आईएएस भंवर लाल, और मुख्य आर्गेनाइजेशन के सेक्रेटरी भरत देवड़वाल ने राजेश स्वामी को नियुक्ति पत्र और आई कार्ड प्रदान किया। शपथ ग्रहण समारोह में राजेश स्वामी ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और संस्था के प्रति ईमानदारी से कार्य करने का आश्वासन दिया।

# सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर चित्तौड़ पहुंचे कपिल देव




### युवाओं को दिया प्रेरणादायक संदेश

स्मार्ट हलचल|ओम जैन

**शंभूपुरा।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं 1983 विश्व कप विजेता टीम के महानायक कपिल देव गुरुवार को चित्तौड़गढ़ पहुंचे। उन्होंने इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित सांसद खेलकूद महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर कपिल देव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक मंच उपलब्ध करा रही है। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। ऐसे ही खिलाड़ी भविष्य में देश का नाम रोशन करते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके समय में आज जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन अब सरकार और विभिन्न संस्थाएं खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। इससे भारत में खेलों का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है।

इससे पूर्व इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचने पर कपिल देव का भव्य स्वागत किया गया। सांसद सी.पी. जोशी, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह, अर्जुनलाल जीनगर एवं सुरेश धाकड़ ने उन्हें उपरणा ओढ़ाकर एवं विजय स्तंभ का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# एनआई में एआई को भी मात देने की सामर्थ्य - प्रो. जोशी





स्मार्ट हलचल|उदयपुर

व्यापार और वाणिज्य क्षेत्र में भले ही एआई आज पूरे विश्व में अपने पैर पसार रहा है किन्तु इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जीवनमूल्यों की समझ देने वाली विवेकबुद्धि नहीं आ सकती। ध्यान से नैसर्गिक बुद्धिमत्ता आती है और इससे एआई को भी मात दी जा सकती है।

मानव मन को स्वस्थ बनाये रखने के साथ नैसर्गिक बुद्धिमत्ता (नैचूरल इन्टेलीजेंसी) को पाने में चक्रात्मक ध्यान की भूमिका बेहद कारगर है। भौतिक चकाचौंध के वर्तमान परिदृश्य में शारीरिक फिटनेस को जितना महत्त्व दिया जा रहा है उतना मानसिक स्वास्थ्य को दिया जाए तो कायाकल्प हो सकता है।

यह विचार केन्द्र सरकार की योजनान्तर्गत राजस्थान के एकमात्र आईकेएस सेंटर राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर में आयोजित भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित ध्यानयोग की विशेष व्याख्यानमाला में संस्कृताचार्य एवं जीजीटीयू बाँसवाड़ा के उप कुलसचिव प्रो. राजेश जोशी ने व्यक्त किये।

कहे। प्रारम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. दीपक माहेश्वरी ने स्वागत उद्बोधन में विश्व ध्यान दिवस की उपादेयता बताई।

मुख्य वक्ता प्रो. जोशी ने कहा कि प्रतिस्पर्द्धा, रोजगार और करियर के दबाव के चलते छात्रों की दिनचर्या सर्वाधिक प्रभावित हुई है। हजारों साल पहले प्रवृत्त हुई भारत की ध्यान परम्परा विश्व मानवता को दी गई उत्कृष्ट देन है। ध्यान नसों-नाड़ियों के रक्त प्रवाह को ठीक करने, भीतर के ऊर्जा स्तर को बढ़ाने में कारगर है। षटचक्रों की मंत्रध्वनियाँ अल्ट्रासाउंड जितनी ही असरकारी होती हैं। जब ये शरीर में उतरती हैं तो सूक्ष्म तरंग रूप में वाइब्रेट होकर सकारात्मकता बढ़ा देती हैं। अवसाद से बचने और आत्मिक आनंद पाने के लिये ध्वनि और तरंग के रूप में बीज मंत्र का प्रयोग महत्त्वपूर्ण है। हार्मोन उत्सर्जित करने वाली ग्रन्थियों पर दबाव पड़ने से ये उत्तेजित होती हैं, जिससे सकारात्मकता बढती जाती है। यही कुण्डलिनी जागरण है जिससे जीवन में शान्ति, ओज और तेज प्राप्त होता है।

मुख्य वक्ता डॉ जोशी ने बताया कि आज की जीवन शैली बहुत ही तनावपूर्ण है। हम सब अपने-अपने लक्ष्य से भटके हुए हैं। भारत की ज्ञान परंपरा आयुर्वेद एवं योग पर आधारित है। आश्चर्य है कि आज भारत से भी ज्यादा शोध विदेशों में हो रहा है। इसी कारणों से विश्व ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। ध्यान पूर्णतः वैज्ञानिक एवं तथ्य पूर्ण है। ध्यान के माध्यम से हम अपने आप को अनुशासित कर सकते हैं। मेडिटेशन के लिए मंत्र, श्वास और मन, इन तीन तत्त्वों की आवश्यकता है। जिससे हम अपने जीवन को संयमित कर सकते हैं।जोशी ने माता त्रिपुरा सुन्दरी से सम्बद्ध श्रीविद्या, तन्त्रशास्त्र, कुण्डलिनी जागरण, षट्चक्रभेदन, इडा, पिंगला एवं सुषुम्ना नाड़ीत्रय का विज्ञान सम्मत विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि आज सम्पूर्ण मानवता तनावग्रस्त है और आत्महत्या की घटनाएँ बहुत बढ़ गई हैं। ऐसी विषम परिस्थिति में भारतीय ऋषियों द्वारा निर्दिष्ट ध्यानयोग ही विश्वकल्याण की ओर प्रवृत्त कराने में समर्थ है। आज विश्व के बहुत से देशों में त्रिपुरसुन्दरी ध्यानयोग प्रचलित है और जनसामान्य इससे लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने योगाभ्यास से होने वाले प्रचूर लाभों का विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी से ध्यानयोग करने आह्वान किया।

सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो दीपक माहेश्वरी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कैलाश नागर ने किया और संयोजक प्रो नवीन कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर बड़ी संख्या में छात्राएं एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# विशाल मेगा मार्ट से घी और बादाम चुराने वाले गिरोह की दो महिलाएं गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र में जयपुर रोड पर टीटी कॉलेज के सामने स्थित विशाल मेगा मार्ट में एक लग्जरी वाहन में पहुंची दो महिलाओं ने अपने अंडरगारमेंट्स में बादाम और घी छिपाकर चोरी की। विशाल मेगा मार्ट के मैनेजर ने उन्हें पकड़ लिया और सिविल लाइन पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। इन महिलाओं ने अब तक लगभग दो लाख से ढाई लाख रुपये मूल्य के बादाम और घी की चोरी की है। पुलिस आरोपी महिलाओं से पूछताछ कर रही है। विशाल मेगा मार्ट के मैनेजर का कहना है कि महिलाएं लग्जरी कार में आती हैं, अच्छे कपड़े पहनती हैं, और सामान खरीदने के बहाने, किसी को पता चले बिना अपने अंडरगारमेंट्स में महंगे घी और बादाम के पैकेट छिपा लेती हैं। फिर वे दिखावे के तौर पर कुछ सस्ती चीजें खरीदते हैं, काउंटर पर आते हैं और उन सस्ती चीजों का भुगतान करके चले जाते हैं। 7 दिसंबर, 2025 को इसी विशाल मेगा मार्ट में चोरी की एक घटना भी घटी थी, जिसकी शिकायत सिविल लाइन पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी।



इस बार वे गिरोह की महिलाओं को रंगे हाथों पकड़ना चाहते थे, इसीलिए वे उन पर नजर रख रहे थे। सीसीटीवी कैमरे में जैसे ही महिलाओं को अपने अंडरगारमेंट्स में घी और बादाम के पैकेट छिपाते हुए देखा गया, दोनों महिलाओं को पकड़ लिया गया और सिविल लाइन पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में व्यस्त है। हालांकि सिविल लाइन पुलिस स्टेशन ने इस घटना के बारे में अनभिज्ञता व्यक्त की है, लेकिन बताया जा रहा है कि आज एमडीएस विश्वविद्यालय में एक दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाना है, जिसमें राज्यपाल भाग लेंगे। इसी कारण स्टेशन प्रभारी शंभू सिंह आज इसका खुलासा नहीं करेंगे, बल्कि कल करेंगे, क्योंकि वे वहां ड्यूटी पर हैं।

# जवाजा क्षेत्र में जंगली भालू का आतंक, अधेड़ पर जानलेवा हमला

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीण को भालू ने नोचा, चेहरा गंभीर रूप से घायल,ब्यावर से अजमेर किया गया रेफर, ग्रामीणों में दहशत। ब्यावर जवाजा उपखंड क्षेत्र के पुनेरा गांव में जंगली भालू के हमले से एक बार फिर दहशत का माहौल बन गया। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे गांव निवासी बिरम सिंह पुत्र हेमसिंह (45 वर्ष) जब घर से शौच के लिए बाहर निकले, तभी अचानक झाड़ियों से निकले एक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू ने अधेड़ के चेहरे और शरीर के ऊपरी हिस्से पर हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया।



हमले की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन मित्र चंदन प्रजापति तथा सहायक वनपाल रघुवीर सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

गंभीर रूप से घायल बिरम सिंह को तत्काल जवाजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें ब्यावर रेफर किया गया। ब्यावर के चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए घायल को अजमेर के उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुनेरा गांव और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ समय से लगातार जंगली भालू की गतिविधियां देखी जा रही हैं। इससे पूर्व भी भालू द्वारा हमला किए जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस और स्थायी कदम नहीं उठाया गया। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में भालू के साथ-साथ पैंथर का मूवमेंट भी अक्सर देखा जाता है, जिससे ग्रामीणों का जंगल और खुले में आना-जाना जोखिम भरा हो गया है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरे लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पुष्कर के किशनपुरा मोड़ पर बस पलटी, 20 यात्री घायल

## पांच गंभीर हालत में रेफर, बस बेकाबू होने से हादसा



स्मार्ट हलचल | अजमेर / पुष्कर

पुष्कर के किशनपुरा मोड़ पर गुरुवार सुबह एक निजी बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें मजदूर और स्थानीय यात्री शामिल थे। बस गोविंदगढ़ से पुष्कर आ रही थी तभी पेट्रोल पंप के पास हादसा हो गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुष्कर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को पुष्कर के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से 5 की हालत गंभीर होने पर उन्हें अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर किया गया। पुष्कर थाने के एएसआई छीतरमल वैष्णव ने बताया - बस गोविंदगढ़ से पुष्कर की ओर आ रही थी। किशनपुरा मोड़ पर चालक का संतुलन बिगड़ने से बस बेकाबू होकर पलट गई। घायलों में किशनपुरा, गोविंदगढ़, नांद, पिचोलिया और लेसवा गांवों के निवासी शामिल हैं। गौरतलब है कि किशनपुरा मोड़ पर हाल के दिनों में यह दूसरा बड़ा सड़क हादसा है, जिसने सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# रॉयल्टी संचालक की चौथ वसूली से सरकार को करोड़ों का नुकसान



## ट्रेलर चालकों से खुलेआम अवैध वसूली

स्मार्ट हलचल | केकड़ी

क्षेत्र में ग्रेनाइट माइंस से जुड़े रॉयल्टी संचालन में हो रही अवैध चौथ वसूली के चलते राजस्थान सरकार को प्रतिमाह करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार सरकारी नुमाइंदे आंखें मूंदे बैठे हैं, जिससे अवैध वसूली का खेल बेखौफ जारी है। केकड़ी तहसील के एकल सिंहा, सलारी, बघेरा, नया गांव कुमावत का, बिजवाड़ व हिसामपुर सहित कई गांवों में संचालित ग्रेनाइट माइंस से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेलर ग्रेनाइट भरकर बाहर जाते हैं। आरोप है कि यहां रॉयल्टी संचालक ट्रेलर चालकों से 500 रुपए प्रति टन के हिसाब से अवैध वसूली कर रहा है। मजबूरी में मेहनत-मजदूरी कर परिवार पालने वाले ट्रेलर चालक यह रकम देने को विवश हैं। ट्रेलर चालकों के अनुसार एक ट्रेलर में औसतन 10 टन ग्रेनाइट ओवरलोड जाता है और प्रतिदिन करीब 100 ट्रेलर निकलते हैं। इस हिसाब से रॉयल्टी संचालक को प्रतिदिन लगभग 5 लाख रुपए की अवैध आय हो रही है, जबकि सरकार को भारी राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि विरोध बढ़ने पर कभी भी माइंस में ट्रेलरों के पहिए जाम हो सकते हैं।

### ट्रेलर मालिकों व चालकों का प्रदर्शन

अवैध वसूली के विरोध में गुरुवार को बघेरा रोड चौराहे पर ट्रेलर मालिकों व चालकों ने प्रदर्शन किया और वसूली तुरंत बंद करने की मांग की। प्रदर्शन में राजेंद्र गुर्जर, पवन बगालिया, कर्मराज चौधरी, वीरेंद्र चौधरी सहित कई ट्रेलर मालिक व चालक मौजूद रहे।

# बांदनवाड़ा कस्बे के रेलवे कॉलोनी में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन

## व्यास पीठ पर कथा वाचक श्री मुरली मनोहर महाराज गोवर्धन



स्मार्ट हलचल

**बांदनवाड़ा अजमेर।** बांदनवाड़ा कस्बे के स्व, डा, ओमप्रकाश शर्मा धर्मपत्नी श्रीमती मैना देवी शर्मा के सानिध्य में आज से सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है इस अवसर पर बांदनवाड़ा के प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से हर मंदिर होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी यह आयोजन मैना देवी शर्मा पत्नी स्व.श्रीओम प्रकाश शर्मा के परिवार द्वारा किया जा रहा है आयोजन दिनांक 25.10.2025 गुरुवार से शुरू होकर 31.12.2025 को संपूर्ण होगी अतः नव वर्ष के उपलक्ष में कथा का पूर्णावती 01.01.2026 को प्रातः होगी अतः दोपहर 12:00 बजे बाद प्रसादि वितरण का आयोजन भी किया जाएगा।

इस आयोजन में कस्बे के सैकड़ो महिलाओ ने सज धज कर हिस्सा लिया और इस धार्मिक आयोजन में ग्राम व ग्राम के आसपास के गांव की महिलाओं ने भी कलश लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया अतः बांदनवाड़ा कस्बे के समस्त भजन महिला मंण्डलियों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस आयोजन में शर्मा परिवार के किरोड़ी लाल शर्मा पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार शर्मा भास्कर पत्रकार अनिल कुमार शर्मा, शर्मा लाइब्रेरी सेंटर के डायरेक्टर गौरव कुमार शर्मा राहुल कुमार शर्मा, समाज सेवी दीपक सेन, सूरज लक्ष्कार, वह महिलाओं में मैना देवी शर्मा, सुनीता टेलर पुष्पा वैष्णव, दीपा लक्षकार, सीमा लक्ष्कार, अदपी लक्ष्कार, पवन छिपा, रेनू वैष्णव, राधाबाई सेन, आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# धूंधरी का लाल मोहित राष्ट्रीय खो-खो में चमका, राजस्थान टीम में चयन

स्मार्ट हलचल



**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र के धूंधरी गांव से निकलकर एक होनहार खिलाड़ी ने मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाई है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धूंधरी में कक्षा 7 में अध्ययनरत मोहित कहार का चयन 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता (14 वर्ष छात्र वर्ग) के लिए राजस्थान टीम में हुआ है। मोहित इस प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाला क्षेत्र का एकमात्र खिलाड़ी है, जो पूरे इलाके के लिए गर्व की बात है।

विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामेश्वर प्रसाद बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 21 जनवरी 2026 तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुजरवाड़ा, केकड़ी में आयोजित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन अपने ही गृह क्षेत्र में होना मोहित की उपलब्धि को और भी खास बनाता है, जिससे उत्साह दोगुना हो गया है।

एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले मोहित कहार ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता से धूंधरी गांव सहित पूरे क्षेत्र और कहार समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा, जहां प्रधानाचार्य, समस्त विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने मिठाई खिलाकर मोहित को शुभकामनाएं दीं।

ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने विश्वास जताया कि मोहित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर केकड़ी, अजमेर और राजस्थान का नाम देशभर में रोशन करेगा। मोहित की यह उपलब्धि क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है।

# बाजटा में गूंजा सुशासन का बिगुल, सेवा पखवाड़ा में विकास का एलान



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** बाजटा ग्राम पंचायत में गुरुवार को भाजपा के सुशासन सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में सियासी और विकास की धमक पैदा कर दी। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को श्रद्धा, सम्मान और संकल्प के साथ मनाते हुए भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन के सामने मजबूती से रखा गया।

कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक विजयप्रताप सिंह ने साफ और सख्त लहजे में कहा कि भाजपा सरकार ने बीते दो वर्षों में सुशासन को नारा नहीं, जमीन पर उतरा हुआ सच बना दिया है। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार की सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने कहा कि अटल जी के सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्र निर्माण के विचार आज भी भाजपा की नीति और नीयत की दिशा तय कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिला संयोजक रामचंद्र बागड़ी, विधानसभा संयोजक विजय प्रताप सिंह शक्तावत, जिला एस.टी. मोर्चा महामंत्री रंगलाल भील, बावन माता मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मंजीत सिंह, रोहित गुर्जर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। मंच से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और निर्णायक फैसलों को प्रभावशाली ढंग से रखा गया।

वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का अभियान है, जिसके जरिए सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंचाई जा रही हैं और आम आदमी को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी नारायण मालावत ने किया। अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों पर चलने और सुशासन के संकल्प को और मजबूत करने का सामूहिक आह्वान किया।

# भरत देवड़वाल को बेस्ट जर्नलिस्ट व सोशल एक्टिविटीज़ वेलफेयर अवार्ड-2025 से किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग द्वारा निवाई उपखंड क्षेत्र के गांव बाढ़ छौरियां निवासी भरत देवड़वाल को 'बेस्ट जर्नलिस्ट व सोशल एक्टिविटीज़ वेलफेयर अवार्ड 2025' से सम्मानित किया । यह सम्मान उन्हें उनके सामाजिक कार्यों और बेबाक पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है।



भरत देवड़वाल ने इस सम्मान के लिए संस्था अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष बजाज, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष रामजी लाल बैरवा, और जनरल सेक्रेटरी रिटायर आईएएस भंवर, रिटायर आईएएस पीसी बेरवाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बहुत बड़ा है और यह उनकी निष्पक्ष ईमानदारी, बेबाक विचारों की पत्रकारिता करने व सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ाने का काम करेगा।

इस दौरान समारोह में कहीं शासनिक प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों पधारें विशिष्ट अतिथि आसपुर विधायक उमेश डामौर, अंतरराष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी अध्यक्ष ने भरत देवड़वाल को सर्टिफिकेट व अवार्ड देकर उन्हें सम्मानित पुरस्कृत करते हुए,सभी सदस्यों ने भरत देवड़वाल को बधाई दी और उनके भविष्य के सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# अटल जी का जन्म दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल उनियारा द्वारा आज स्व.पूर्व प्रधामंत्री अटल बिहारी वाजपीय की 101 वी जयंती मनाई गई। जिसमे सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने वाजपेय की तस्वरी पर पुष्पांजलि करी।इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर लाल ठाडा ने बताया कि



अटल बिहारी वाजपेयी जो तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने,वे जनसंघ के संस्थापक सदस्य, भाजपा के अध्यक्ष, एक प्रखर वक्ता, और 'पोखरण परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध में जीत, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना (सड़क मार्ग) व दिल्ली मेट्रो जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जाने जाते हैं, और उन्हें 'भारत रत्न' सहित कई सम्मान मिले है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ममता साहू ने कहाँ की आज पूरा देश सुशासन दिवस मना रहे हैं, जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और आदर्शों को समर्पित है। सुशासन का अर्थ है पारदर्शिता, जवाबदेही और जनकल्याण। जब सरकार की नीतियां आम नागरिक तक ईमानदारी से पहुंचती हैं, तभी सच्चा विकास होता है। सुशासन से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और समाज में विश्वास बढ़ता है आज अटल जी की प्रेरणा से केंद्रीय और राज्य सरकारें चल रही है और भारत देश विकाश के साथ विश्व गुरु बनने की और बढ रहा है। शहर मंडल महामंत्री मनोज शर्मा द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर लाल ठाडा, भाजपा नेता सुरेश कुमावत,जगदीश साहू, भाजपा महामंत्री मनोज शर्मा, महेश खंडेलवाल, मंडल मंत्री उम्मेद सिंह, आशा राम चौधरी, मीडिया प्रभारी रमेश जांगिड, आत्मा राम,कान्हाराम सैनी, गिर्राज गूर्जर, नारायण गूर्जर, आशा राम सैनी फोजी सहित अन्य सभी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मनाया तुलसी दिवस किया पूजन



स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया गायत्री शक्ति पीठ के ट्रस्टी संदीप सोनी ने बताया कि हिन्दू धर्म मे तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा देवी देवताओं की तरह की जाती है उन्होंने बताया कि मान्यतानुसार तुलसी भगवान विष्णु की प्रिय और तुलसी में मां लक्ष्मी का वास होता है।कहते तुलसी वातावरण को शुद्ध करती है और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है इसलिए तुलसी पूजन सभी को करना चाहिए।इस अवसर पर लादू लाल धाकड़,कमल कुमार,हेमा बाई, सुशीला देवी,विष्णु कुमारी,सत्यनारायण वैष्णव सहित आदि उपस्तिथ थे।

# सुशासन दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर किसान संगोष्ठी आयोजित

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर सुशासन दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर आज गुरुवार को सहकार भवन, ब्यावर में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्मिकों एवं कृषकों ने सुशासन दिवस की शपथ ग्रहण की।



कार्यक्रम में उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां ब्यावर हीरालाल ने सुशासन दिवस के महत्व, सुशासन के विभिन्न आयामों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत चलाए जा रहे सहकार सदस्यता अभियान 2025 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्यावर जिले में नवगठित बदनौर क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड, 37 नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समितियां एवं प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया गया है। साथ ही उन्होंने भारतीय किसान संघ से अपने सभी सदस्यों को सहकारी समितियों की सदस्यता ग्रहण कराने एवं जैविक खेती की ओर प्रोत्साहित करने की अपील की।

भारतीय किसान संघ के तुलसाराम चौधरी, मोहरा कलां ने सरस डेयरी के लाभों की जानकारी देते हुए ब्यावर जिले की सर्वश्रेष्ठ पिपलिया कलां डेयरी की शुरुआत के अपने अनुभव साझा किए। कन्हैयालाल कुमावत ने बीएनके सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लिमिटेड ब्यावर एवं ब्यावर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ब्यावर से शहरी किसानों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व नौसैनिक एस.एस. भाटी, रामगढ़ ने जिले में केंद्रीय सहकारी बैंक एवं जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की स्थापना हेतु किसान संघ को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विभागीय निरीक्षक विश्वेंद्र गुर्जर ने सहकारी समितियों की स्वीकृति, पंजीयन एवं गठन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सुपर मार्केट प्रभारी राजीव पाराशर ने सुपर मार्केट एवं कृषि यंत्र किराया केंद्र की जानकारी प्रदान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भंवर कंवर, भंवरी चौहान, कंचन चौहान, पूनम सांखला, ऊषा माली, विजेता कुमावत, पूजा कंवर, बृजेंद्र सिंह किराप, राणाराम देवासी (रायपुर), नरेंद्र सिंह रावत, नारायण सिंह काबरा, विक्रम सिंह चौहान, प्रियंका, रीतू, लोकेश, मनोज कुमार, सुरेंद्र वैष्णव, नौरतमल पंवार, गौरव देवड़ा सहित अनेक कृषक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# श्री साहू समाज नवयुवक मंडल ब्यावर द्वारा निशुल्क कोचिंग क्लासेज का हुआ शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** 25 दिसंबर 2026 को श्री साहू समाज नवयुवक मंडल द्वारा सामाज हित में प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक निशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ किया जो दिनांक 15 जनवरी 2026 तक चलेगी ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज समिति अध्यक्ष बुधाराम जादम व समस्त कार्यकारिणी व, तेली जाति सभा अध्यक्ष जगदीश मावर, तेली पंच मारवाड़ा अध्यक्ष श्याम जादम, नवयुवक मंडल अध्यक्ष दिलीप मावर, साहू सेना अध्यक्ष विजय बातरा, महामंत्री तारेश झालीवाल व समाज के गणमान्य बन्धुओ ने माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की व फीता काट कर शुभारंभ किया ।महामंत्री अनिल गुलानिया व उपाध्यक्ष रिंकु किशोदनिया व संघटन मंत्री सिकन्दर आसरवा ने बताया कि सामाज हित में साहू समाज के सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति सजग रहना है और शिक्षा ही सर्वोपरि है यह मानकर आज साहू समाज नवयुवक मंडल ने निःशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ किया है नवयुवक मंडल सलाहकार



एडवोकेट महेंद्र जी डीया, महामंत्री जैकी साहू व शिक्षा मंत्री नितिन साहू ने बताया कि साहू समाज में पहली बार शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ किया है सभी समाजबंधु ज्यादा से ज्यादा अपने छात्र-छात्राओ को पढ़ाकर शिक्षा का लाभ लेवे ।पूर्व नवयुवक मंडल अध्यक्ष बृजेश साहू ने बताया कि समाज में शिक्षा को ही सर्वप्रथम मानकर सभी को शिक्षित बनाना है क्योंकि शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा इसीलिए हम सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनना ही हमारा संकल्प है और साहू समाज नवयुवक मंडल द्वारा समाज हित में आज जो निशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ किया है उसकी प्रशंसा करते हैं और धन्यवाद देते हैं ।

निःशुल्क शिक्षा में व्याख्याता गिरीश बैरवा, संजय शर्मा, नवीन देवड़ा, सुनील भाटी, लवीना ज्ञानचंदानी, यशपाल शर्मा, नितिन रेगा, जितेश गुलाणीया ने अपनी सेवाएं दी व श्री साहू समाज नवयुवक मंडल की टीम व साहू समाज के गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के उद्घाटन में दर्ज करवाई

# कस्बे में बाईपास सड़क के किनारे टूटी पाइप लाइन से बहता व्यर्थ पानी

## अनदेखीः राजगढ़ पेयजल परियोजना से जुड़ा है मामला, जलदाय विभाग द्वारा डाली गई पेयजल पाइपलाइन फुटी हजारों लीटर व्यर्थ बहा पानी

स्मार्ट हलचल|सुनेल

क्षेत्र में जलदाय विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत राजगढ़ बांध से झालरापाटन क्षेत्र के गांव तक पानी उपलब्ध करवाने को लेकर सरकार के द्वारा लगभग 274.78 करोड़ की लागत से पाइपलाइन बिछाई गई है जिसकी देखरेख पीएचईडी विभाग कर रहा है। इस दौरान कई गांवों की सड़कों के किनारो पर भी खुदाई की गई, लेकिन अभी तक उनकी मरम्मत नहीं करवाई गई है। इस कारण आए दिन दो पहिया तथा चार पहिया वाहन राहगीरों को हादसों का शिकार होना पड़ रहा है।

वहीं गुरुवार की सुबह पाइप लाइन में पानी छोड़ा गया इस दौरान बाईपास रोड पर रोशनबाड़ी रोड के नजदीक पाइपलाइन फूट गई जिससे हजारों लीटर व्यर्थ पानी करीब 2 से 3 घंटे तक सड़क पर बहता रहा। पानी का प्रेशर इतना ज्यादा था कि एक से दो किलो वजनी पत्थर व कंकरीट के टुकड़े करीब 40 से 50 फीट ऊपर से गिर रहे थे। गनीमत यह रही कि इस दौरान पानी व पत्थरों की चपेट में कोई राहगीर नहीं आया, जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया।

किसान शोभाराम गुर्जर, भेरूसिंह, जगदीश राठौर, संजय भील, हेमराज बैरागी, देवीसिंह नागर, भेरूलाल सुमन, सहित अन्य लोगो ने बताया कि क्षतिग्रस्त रास्तों व सड़कों से निकलने में परेशानी व मशक्कत उठानी पड़ रही है। जलदाय विभाग द्वारा सुनेल बाईपास सहित क्षेत्र में सड़कों के किनारो को काटकर पाइपलाइन को



मापक मापदडों के विपरीत बिछाया गया वही घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी मीणा ने बताया कि पाइपलाइन को नियमों के विपरीत बिछाया गया है, सड़क से लगभग 2 मीटर दूरी तथा एक मीटर गहराई में पाइपलाइन को बिछाना था। लेकिन संवेदक तथा जलदाय विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते लगभग 2 वर्ष गुजर जाने के बाद भी अभी तक सड़कों व रास्तों को दुरुस्त नहीं किया है। जिसके चलते लोग व राहगीर हादसो का शिकार हो रहे हैं। इन दिनों विभाग द्वारा पाइप लाइन के परीक्षण के लिए पानी छोड़ रहा है। इनके वाल पॉइंट भी सड़क के नजदीक बना दिए गए है। जो राहगीरों को तकलीफ दे रहे है। वहीं स्थानीय लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश है।

मेरी नई पोस्टिंग है पाइपलाइन को डाले हुए दो वर्ष हो गया हैं यह मामला मेरी जानकारी में नहीं है।
**भानुप्रताप ,सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, झालावाड़।**

पेयजल पाइपलाइन की टेस्टिंग की जा रही है पाइपलाइन टूटने की सूचना मिली जिसे मौके पर पहुंचकर दुरुस्त करवाया गया, इससे कोई जलापूर्ति बाधित नहीं होगी।
**रामनारायण पंकज , सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, झालावाड़।**

जलदाय विभाग के अधिकारियों से बात कर क्षतिग्रस्त रास्तों तथा सड़क के किनारो को दुरुस्त कराया जाएगा , अगर विभाग ऐसा नहीं करता है तो नोटिस जारी किया जाएगा।
**संजय मीणा , कनिष्क अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सुनेल।**

# अवैध निर्माण को 'अस्थायी सीज' कर चांदी कूट रहे निगम अधिकारी

स्मार्ट हलचल

अजमेर/उर्स मेले की आड़ लेकर दरगाह क्षेत्र और उसके आसपास अवैध व निर्माणाधीन भवनों पर की गई अस्थायी सीज कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि यह कार्रवाई अवैध निर्माण रोकने के बजाय निगम अधिकारियों के लिए कमाई का जरिया बनती जा रही है।

उर्स से पहले अजमेर नगर निगम ने दरगाह व आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में कई निर्माणों को नियमों के उल्लंघन के चलते अस्थायी रूप से सीज किया था। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई स्थानों पर सीज तोड़कर या मिलीभगत से भवनों को दोबारा खोल दिया गया और उनका उपयोग भी शुरू कर दिया गया।

### सीज के बाद भी खुले भवन

दरगाह से सटी फूल गली में मोहम्मद इरफान और नहर मोहल्ला क्षेत्र में भारत सोमानी द्वारा अपने-अपने अस्थायी सीज किए गए भवनों को खोलकर इस्तेमाल में लेने के मामले सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीज के बावजूद न तो निगरानी हुई और न ही दोबारा कोई सख्त कार्रवाई।

### क्या 'अस्थायी सीज' का इस्तेमाल दबाव और सौदेबाज़ी के लिए किया जा रहा है?

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि स्थायी सीज या ध्वस्तीकरण जैसी ठोस कार्रवाई के बजाय अस्थायी सीज कर मामला 'लटका' दिया जाता है, ताकि बाद में कथित रूप से लाभ लेकर आंख मूंद ली जाए।

# कला और चैरिटी का संगमः कोटा में 31 दिसंबर को सजेगी 'स्टार नाइट-न्यू ईयर पार्टी 2026

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर कोटा बनेगा एंटरटेनमेंट हब, सितारों की रहेगी महफिल

## रेडकॉस के स्टेट चैयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने किया पोस्टर विमाचन

स्मार्ट हलचल| कोटा

नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर 31 दिसंबर को कोटा में भव्य 'स्टार नाइट-न्यू ईयर पार्टी 2026' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कला, मनोरंजन और चैरिटी का प्रभावशाली संगम देखने को मिलेगा। राधिका रिसॉर्ट, थेगड़ा रोड पर रात्रि 8 बजे से शुरू होने वाली इस स्टार नाइट में देश के चर्चित कॉमेडियन एवं कवि प्रताप फौजदार अपनी तीखी व्यंग्यात्मक शैली और सटीक हास्य से दर्शकों को ठहाकों से सराबोर करेंगे, वहीं लोकप्रिय गायक जे.डी. मेहंदी अपनी टीम के साथ



लाइव परफॉर्मेंस देकर युवाओं में नया जोश भरेंगे।

आयोजक रॉकी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में लाइव बैंड, कॉमेडी नाइट, ऊर्जावान डांसिंग ग्रुप तथा इंडिया गॉट टैलेंट से जुड़े कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। अंतरराष्ट्रीय महिला संगीतकार सुनीता की प्रस्तुति कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई देगी, जबकि मंच संचालन अरुण सिंह चौहान करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम से प्राप्त आय का उपयोग मूक-बधिर बच्चों की सुविधाओं एवं आवश्यक सामग्री के लिए किया जाएगा।

कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने किया। उन्होंने कहा कि कोटा तेजी से राष्ट्रीय स्तर की इवेंट सिटी के रूप में उभर रहा है और ऐसे आयोजन न केवल बड़े कलाकारों को मंच देते हैं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

स्टार कलाकारों की मौजूदगी और चैरिटी उद्देश्य के चलते 'स्टार नाइट-न्यू ईयर पार्टी 2026' को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के पखवाड़े का समापन

स्मार्ट हलचल|बारां

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर एक पखवाड़े तक चलाए गए जागरूकता अभियान गुरूवार को समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा ने कहा कि जीवन अनमोल है, सड़कों पर जरा सी लापरवाही के कारण होने वाली दुर्घटनाएं गहरा आघात पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन व वाहन चालकों को रोचक व प्रभावी तरीके से सड़कों पर यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सड़कों पर सुरक्षित जीवन की सुरक्षात्मक कदम उठाए गए।



जिला परिवहन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान हाइवे पर अवैध कट बंद करने, ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षात्मक उपाय करने व रिफ्लेक्टर लगाने सहित आमजन के बीच पहुंचकर उन्हें सड़क सुरक्षा के उपायों व नियमों की पालना का महत्व समझाया गया। साथ ही शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, तेज गति व गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन संचालन से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने तथा कम उम्र में ड्राइविंग नहीं करने के लिए आमजन को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे स्वयं व दूसरों के लिए जान लेवा भी है। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता हुकमचन्द मीणा, आई-रेड के त्रिदेव, जनसम्पर्क विभाग के प्रतिनिधि प्रद्युम्न गौतम ने भी सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर विचार व्यक्त किए।

इस दौरान अभियान में सहयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। साथ ही सुशासन दिवस पर निष्ठा व ईमानदारी के साथ राजकार्य करने की शपथ ली गई। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी, पुलिस, परिवहन व पीआरओ विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# सिमलिया व्यापार महासंघ परिवार का स्नेह मिलन समारोह सांवरिया सेठ मंदिर मे होगा आयोजित

स्मार्ट हलचल|कोटा



सीमल्या व्यापार महासंघ परिवार का प्रथम स्नेह मिलन समारोह शनिवार को श्री सांवलिया सेठ मंदिर मंडफिया में आयोजित होगा। सीमल्या व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सिंटू धाकड़ ने बताया कि प्रथम स्नेह मिलन समारोह को लेकर व्यापारियों में काफी उत्साह है। गत दिनों आयोजित मीटिंग में मासिक अवकाश महिने के अंतिम शनिवार को तिर्थ स्थल भ्रमण को लेकर बात कही गयी थी। जिस पर सहमति बनने पर सभी व्यापारि सामुहिक रूप से शुक्रवार को बस से प्र-स्थान करेंगे। जो शनिवार को श्रीनाथ जी मंदिर नाथद्वारा, एकलिंग जी, शनि महाराज, के दर्शन कर सांवलिया सेठ मंदिर मंडफिया चितौड़ पहुंचेंगे। जहां पर श्री सांवलिया सेठ जी के दर्शन करने के बाद स्नेह मिलन समारोह आयोजित होगा। जिसमें व्यापारी एकजुटता व संगठन को मजबूत करने व व्यापार उत्थान को लेकर चर्चा की जायेगी।

# सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन की शपथ

स्मार्ट हलचल| बारां

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को मिनी सचिवालय सभागार में सुशासन दिवस मनाया गया। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, एसपी अभिषेक अंदासु, एडीएम भंवरलाल जनागल, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, एडी जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा, महिला बाल विकास सहायक निदेशक दुर्गाशंकर मीणा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने वाजपेयी के चित्र



पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित और जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वाजपेयी के जीवन और उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श और सिद्धांत हमें प्रेरित करते हैं।

# जटनंगला में महाराजा सूरजमल का मनाया 262 वां बलिदान दिवस समारोह



स्मार्ट हलचल

**हिंडौन।** महाराजा सूरजमल का 262 वा बलिदान दिवस समारोह जटनंगला स्थित महाराजा सूरजमल स्कूल में मनाया गया विद्यालय के छात्रों द्वारा इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम के संयोजक विजय सिंह डागुर ने बताया कि वक्ताओं द्वारा महाराजा के जीवन पर विचार व्यक्त किए गए उनका साम्राज्य सामाजिक समरसता से ओतप्रोत था वे सभी धर्म एवं वर्गों का सम्मान करते थे उनके राज्य में गोवध पर पाबंदी थी पीपल वृक्ष काटने पर पाबंदी थी उन्होंने पानीपत की लड़ाई में पराजित मराठाओं की सहायता कर उनका इलाज करवाया एवं सबको घर तक पहुंचाया उन्होंने ब्रज में अनेकों मंदिरों का निर्माण कराया एवं हिंदू संस्कृति की रक्षा की उपस्थित सभी लोगों द्वारा महाराजा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये इस अवसर पर जाट समाज चौबीसा के पूर्व महामंत्री राम चरण लाल डांगुर सूबेदार खेमचंद डांगुर शेरपुर बहादुर सिंह डागुर कामराज डांगुर भरती पटेल शेरपुर रामप्रकाश डागुर उधम सिंह डांगुर शिव सिंह डागुर रारा साहपुर दिनेश चंद्र जाटव कमल सिंह जाटव विनोद डागुर साहब सिंह डागुर दुर्गा सिंह डागुर नरेश शर्मा राकेश डागुर शेरपुर सहित अनेको उपस्थित लोगों ने महाराजा की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# 28 दिसंबर को दुधाखेड़ी माताजी धाम के लिए सुनेल से पहली बार पैदल चुनरी यात्रा

स्मार्ट हलचल । सुनेल

कस्बे मैं स्थित दुधाखेड़ी माताजी मंदिर से ग्रामीण श्रद्धालुओं के द्वारा प्रथम 35 किलोमीटर लंबी चुनर पैदल यात्रा 28 दिसंबर को निकाली जाएगी।

मेट शोभाराम गुर्जर ने बताया कि दुधाखेड़ी माताजी मंदिर से 28 दिसंबर की सुबह 6 बजे से समस्त भक्तों के तत्वाधान में चुनर यात्रा प्रारंभ होगी जिसमें 500 से अधिक धर्म प्रेमी भाई व माता बहने चुनर यात्रा मे भाग लेकर डीजे के साथ नृत्य व मगलगान करती हुई 35 किलोमीटर की यात्रा मध्य प्रदेश के भानपुरा तहसील में स्थित दुधाखेड़ी माताजी मंदिर पहुंचेगी। जहां श्रद्धालुओं



के द्वारा माता को चुनर ओढ़ाकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर यात्रा का समापन होगा। तत्पश्चात श्रद्धालुओं में भोजन प्रसादी का वितरण होगा।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, 370 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

स्मार्ट हलचल | नारायणपुर

उपखण्ड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल स्टेडियम में बुधवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत विभाग अलवर के निर्देशानुसार श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति के द्वारा नारायणपुर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग कबड्डी व रस्साकशी प्रतियोगिता तथा लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ जिनमें लगभग 370 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजकुमार यादव, संगठन मंत्री महेश चंद सैनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी मीना, अध्यक्षता समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा, मंच संचालन एथलेटिक्स कोच सुरेश चौधरी ने किया। सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह तथा ट्रॉफी, मेंड़ल भेंटकर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग रस्साकशी में मुण्डावरा टीम, कब्बड्डी में ज्ञानपुरा टीम विजेता रही। वहीं महिला वर्ग रस्साकशी में एसएचएम टीम व कबड्डी में गढ़ी टीम विजेता रही। लंबी कूद महिला वर्ग में रवीना प्रजापत, पुरुष वर्ग में मुकेश कुमार, 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में रवीना प्रजापत, पुरुष वर्ग में जर्मनसिंह, 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में सुनीता गुर्जर, पुरुष वर्ग में मोहित कुमार सैनी विजेता रहे।

# त्रिपाठी आद्विक फाउंडेशन द्वारा राजकीय बालिका विद्यालय को 54 बेंच भेंट

स्मार्ट हलचल|कोटा



राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय,बरूधन में त्रिपाठी आद्विक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 54 बेंच भेंट की गईं। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टी ऋषभ त्रिपाठी एवं श्रद्धा त्रिपाठी ने विद्यालय को यह सहयोग प्रदान किया।

ट्रस्टी ऋषभ त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2021 से ट्रस्ट द्वारा इस सरकारी विद्यालय को गोद लिया गया है। विद्यालय में अध्ययनरत अधिकांश छात्राओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं होने के कारण ट्रस्ट समय-समय पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराता आ रहा है।

केरेजियस कम्युनिटी के चेयरमैन वी.के. जेटली ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को फूड सामग्री, स्टेशनरी, जर्सी, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं भी नियमित अंतराल पर प्रदान की जाती हैं, जिससे बच्चों को अध्ययन में सुविधा मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी कुमकुम जेटली सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय प्रशासन ने ट्रस्ट के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## दरा घाटी में यातायात जाम की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ी पहल


# रेलवे द्वारा मुकुंदरा हिल्स क्षेत्र में नए अंडरपास का निर्माण

स्मार्ट हलचल|कोटा

कोटा-झालावाड़ मार्ग पर मुकुंदरा हिल्स (दरा) क्षेत्र में वर्षो से चली आ रही भीषण यातायात जाम की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में रेलवे ने एक महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित कदम उठाया है। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल द्वारा इस संवेदनशील क्षेत्र में एक नए रेलवे अंडरपास के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दिया गया है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर यातायात को सुचारू, सुरक्षित और निर्बाध बनाया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि मुकुंदरा हिल्स के इस हिस्से में चार लेन चौड़ा राजमार्ग अचानक एक संकरे एक-लेन पत्थर निर्मित पुलिया में सिमट जाता है, जिसके कारण वर्षों से भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान लंबा ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाओं की आशंका तथा बरसात में जलभराव जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती रही हैं। यह मार्ग राजस्थान को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जहाँ कई बार 2 से 12 घंटे तक जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे आम यात्रियों, स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और व्यावसायिक वाहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी।

इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल ने मौजूदा संकरी पुलिया के समानांतर एक अतिरिक्त सड़क अंडरपास के निर्माण का निर्णय लिया है। इस परियोजना को केंद्र सरकार से प्रशासनिक एवं




वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा निविदा प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। आवश्यक अनुमतियाँ मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। नया अंडरपास आधुनिक तकनीकी मानकों के अनुरूप लगभग 40 मीटर लंबा और करीब 6 मीटर ऊँचा होगा, ताकि भारी से भारी वाहन भी आसानी से गुजर सकें। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9.5 करोड़ रुपये है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि अंडरपास का निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि रेल यातायात प्रभावित न हो। इसके लिए आधुनिक निर्माण तकनीक अपनाई जाएगी और गुणवत्ता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अंडरपास के दोनों ओर संपर्क मार्गों का विकास भी किया जाएगा, जिससे मुख्य राजमार्ग से सीधा और सहज जुड़ाव सुनिश्चित हो सके।

इस अंडरपास के बन जाने से दरा घाटी क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। कोटा से झालावाड़ एवं मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों का सफर न केवल तेज़ और सुरक्षित होगा, बल्कि समय और ईंधन की भी उल्लेखनीय बचत होगी। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्राप्त होगी। साथ ही, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व की ओर जाने वाले पर्यटकों को भी निर्बाध और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। यह परियोजना रेलवे, राज्य सरकार और संबंधित विभागों के समन्वय से जनहित में की जा रही एक महत्वपूर्ण पहल है। अंडरपास के निर्माण से न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि वर्षों से चले आ रहे एक बड़े ट्रैफिक संकट का स्थायी समाधान भी सुनिश्चित होगा। कोटा मंडल द्वारा उठाया गया यह कदम क्षेत्र के यात्रियों और आम जनता के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है और इसे यातायात व्यवस्था सुधार की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com